हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, मंगलवार, 31 दिसंबर 2024

## नववर्ष की पार्टियों के लिए मंगाई गई 554 ग्राम एमडी ड्रग्स समेत 5 गिरफ्तार



### >66 लाख रुपये का माल जब्त

**नागपुरः**

नववर्ष की पार्टियों में ड्रग्स सप्लाई करने के लिए मंगाई गई 554 ग्राम MD ड्रग्स की बड़ी खेप को नागपुर क्राइम ब्रांच ने जब्त कर लिया। इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी राजस्थान से होते हुए मध्यप्रदेश के रास्ते नागपुर पहुंचे थे। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कोराडी तालाब के पास छापेमारी की और आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया।

गिरफ्तार आरोपियों में विश्वकर्मानगर निवासी गैंगस्टर सुमित चिंतलवार (35), मानेवाडा निवासी पवन उर्फ मिहिर राजेन्द्र मिश्रा (39), रमाइनगर निवासी पलाश प्रमोद दिवेकर (21), बेसा निवासी शेख अतीक फरीद शेख (25) और हुड़केश्वर निवासी मनीष रंजीत कुशवाह (45) शामिल हैं। उनके पास से 554 ग्राम MD ड्रग्स, 5 मोबाइल फोन, एक कार और 66,21,000 रुपये का माल बरामद किया गया।

पुलिस के मुताबिक, 31 दिसंबर को न्यू ईयर पार्टी में ग्राहकों को ड्रग्स सप्लाई करने के लिए यह खेप राजस्थान से मध्यप्रदेश सड़क मार्ग द्वारा कोराडी होते हुए नागपुर लाई गई थी। पुलिस ने सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की और पवन व सुमित को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में मिली ड्रग्स के बारे में पूछताछ में आरोपियों ने पलाश और अतीक का नाम लिया, जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। चौंकाने वाली बात यह है कि पवन पर पहले भी हत्या का मामला दर्ज है। वहीं, सुमित, अतीक और मनीष पर भी गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें हत्या, हत्या का प्रयास, और मकोका जैसे मामले शामिल हैं।

अधिक पूछताछ में पता चला कि इस ड्रग्स को राजस्थान के तस्कर अजय सिसोदिया ने भेजा था। पुलिस अब उसकी भी तलाश कर रही है।

क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने बताया कि यह ड्रग्स खासतौर पर होटल और पबों में होने वाली पार्टियों में सप्लाई करने के लिए मंगाई गई थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## उल्हासनगर से पकड़ा चोरी का आरोपी

### 6.67 लाख रुपये का माल जब्त

**नागपुरः**

गिट्टीखदान पुलिस ने थानाक्षेत्र में हुई 4.10 लाख रुपये की चोरी के मामले में आरोपी को उल्हासनगर से गिरफ्तार किया। आरोपी का नाम अंश उर्फ अंशुल नितिन गजबे (22) है, जो दत्तात्रय नगर का निवासी है। पुलिस ने उसके पास से 6,42,500 रुपये के कीमती गहने, दोपहिया वाहन सहित कुल 6,67,500 रुपये का माल बरामद किया है।

घटना की जानकारी के अनुसार, लोकनिवारा सोसायटी निवासी सुनील मुखराम सिंह (50) अपनी पत्नी के साथ रोज की तरह हनुमान मंदिर गए थे। घर लौटने से पहले उन्होंने जल्दबाजी में घर के मुख्य दरवाजे को ताला नहीं लगाया। यह देख आरोपी अंश ने घर में घुसकर अलमारी से गहने और नगदी समेत 4.10 लाख रुपये का माल चुराया। जब सुनील और उनकी पत्नी घर लौटे तो उन्हें चोरी का पता चला।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और तकनीकी जांच के आधार पर अंश का पता लगाया। मोबाइल नंबर ट्रेस करने पर उसकी लोकेशन उल्हासनगर में मिली। इसके बाद गिट्टीखदान पुलिस की टीम ने उल्हासनगर पहुंचकर स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में अंश ने 3 चोरियों को अंजाम देने की बात कबूल की। इनमें से दो चोरी गिट्टीखदान थानाक्षेत्र और एक चोरी सदर थानाक्षेत्र में की गई थी। अंश की निशानदेही पर पुलिस ने 6,67,500 रुपये का माल बरामद किया। आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है

# पैसों के पुराने लेन-देन को लेकर दोनों सगे भाइयों की हुई हत्या

## बाप बेटे सहित चार आरोपी गिरफ्तार, एक अन्य की तलाश

**नागपुरः**

तहसील पुलिस थाना अंतर्गत दो सगे भाइयों पर उन्हीं के दूर के रिश्तेदार ने चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। यह घटना बीती रात गांधी बाग गार्डन के पास हुई। व्यवसाय के पैसों के लेनदेन के विवाद को लेकर हत्या होने की जानकारी है। पुलिस ने इस हत्या में शामिल चार आरोपियों को भी हिरासत में लिया है और अन्य की तलाश कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांधीबाग उद्यान के पास बीती रात करीब 10:45 के दौरान बीच सड़क पर हत्या की यह वारदात हुई। मृतक सगे भाइयों में रवि राजेश राठौड (35) और दीपक राजेश राठौड (40) दोनों प्लॉट नंबर 179, भवानी नगर पारडी निवासी का समावेश है।



पुलिस ने हत्या के सूत्रधार बदनसिंह उर्फ मामा रामगोपाल राठौड़ (45) उसके बेटे अभिषेक राठौड़, साले मनोज राठौड़ और भतीजे विवेक राठौड़ को गिरफ्तार किया है. बदन सिंह का बेटा सोनू फरार है. उनकी राठौड़ बंधुओं से एक साल से दुश्मनी थी. इसके चलते ही हत्या की यह घटना हुई है.

राठौड़ बंधु महाल में चुड़ी बेचते थे. बदन सिंह और उसके बेटों भी हंसापुरी में चुड़ी की दुकान है. रवि राठौड़ ने एक साल पहले अभिषेक से बाईक दिलाने के नाम पर 20 हजार रुपए लिए थे. बाईक नहीं दिलाने पर अभिषेक रुपए वापिस मांग रहा था और रुपए वापिस नहीं देने से विवाद हुआ था. रवि ने अभिषेक की दुकान से 10 हजार रुपए की चुड़ी भी उधार ली थी । बताया जा रहा है कि छह माह पहले आरोपियों की दुकान पर हमला हुआ था. इस हमले में हंसापुरी के युवक लिप्त थे. हमलावरों की रवि ने मदद की थी. आरोपियों को रवि के ही इशारे पर हमला होने का संदेह था. राठौड़ बंधु गांधीबाग और हंसापुरी में सक्रिय थे. उनके हावी होने से आरोपी चिंतित थे. सूत्रों के अनुसार रविवार की सुबह राठौड़ बंधुओं ने आरोपियों से मारपीट की थी. इसके बाद आरोपी बदला लेने में जूट गए. राठौड़ बंधु और उनके साथियों की रात को यादगार चौक पर बैठक रहती है. यह पता होने से आरोपी उनके वहां आने का पहले से ही इंतजार कर रहे थे. उनके वहां आने का पता चलते ही बदन सिंह अपने साले और भतीजे के साथ वहां आया. वहां उनका दीपक से विवाद हुआ. दीपक द्वारा ललकारने से बदन ने अपने बेटों को भी बुला लिया. उन्होंने आते ही दीपक पर हमला कर दिया. इसी दौरान रवि और उसका मित्र शुभम बारस्कर वहां पहुंचे. आरोपियों ने रवि की जगह पर हत्या कर दी. यह देखकर शुभम भागने लगा. आरोपी उसके पीछे भी हथियार लेकर दौड़े थे. उसकी शिकायत पर तहसील पुलिस ने हत्या और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है. तहसील पुलिस इस मामले में अब बदन सिंह के बेटे सोनू की सरगर्मी से तलाश कर रही है। पकड़े गए आरोपियों को मंगलवार को पुलिस कोर्ट में पेश करने वाली है।

## 48 घंटों में हुड़केश्वर पुलिस ने दबोची चोरों की गैंग

### >10.90 लाख का माल जब्त

**नागपुरः**

हुड़केश्वर पुलिस ने चोरी के एक मामले में छानबीन करते हुए चोरों की एक गैंग का भंडाफोड़ कर दिया। पुलिस ने 48 घंटे के भीतर नाबालिग समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जबकि एक आरोपी फरार है। गिरफ्तार आरोपियों में अमरनगर, वानाडोंगरी निवासी समीर दोमेन्द्र हुमने (18), हिंगना एमआईडीसी निवासी आशुतोष उर्फ लकी उर्फ नाककट्या शंकर रवारे (20), कन्हान निवासी गौरव उर्फ तेनाली राजु राउत (18) और एक नाबालिग आरोपी शामिल हैं। वहीं, मन चौरे नामक एक आरोपी फरार है।

पुलिस ने इन आरोपियों के पास से 7,14,900 रुपये के कीमती गहने, 2.90 लाख रुपये की 3 बाइक, 3939 रुपये नगद, 80,000 रुपये के



11 मोबाइल फोन और अन्य सामान समेत कुल 10,90,339 रुपये का माल जब्त किया है।

**चोरी की घटना का हुआ था खुलासा**

पुलिस के मुताबिक, आदिवासी नगर, हुड़केश्वर निवासी राजेन्द्र पांडूरंग दहीकर (63) के घर में बनी दुकान का शटर तोड़कर अज्ञात आरोपियों ने 53,000 रुपये की नगदी और सोने-चांदी के गहनों समेत 10,06,000 रुपये का माल चुरा लिया था। चोरी की इस वारदात के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग से आरोपी तक पहुंचने में सफलता पाई। एक आरोपी को बर्गमैन गाड़ी पर देखा गया था, जिसके बाद पुलिस ने अमरनगर निवासी समीर तक पहुंचकर कड़ी पूछताछ की।

पूछताछ में समीर ने अपने साथियों के नाम बताए, जिसमें नाबालिग आरोपी समेत लकी, तेनाली और मन शामिल हैं। पुलिस ने आरोपी के पास से उसी बाइक को भी बरामद किया, जिसका इस्तेमाल चोरी के दौरान किया गया था।

**सुधार गृह से भागे थे आरोपी**

पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि समीर के दो साथी 2 महीने पहले सुधार गृह से भाग चुके थे। इनमें से एक नाबालिग और गौरव भी शामिल थे। पुलिस ने अपने स्रोतों की मदद से इन दोनों को भी गिरफ्तार कर लिया। नाबालिग आरोपी से तलाशी लेने पर उसके पास से 171 ग्राम सोने के गहने भी बरामद किए गए।

पूछताछ में यह भी सामने आया कि इस गैंग ने अब तक 11 चोरियों को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**पुलिस की तत्परता पर मिली सफलता**

हुड़केश्वर पुलिस के अधिकारी इस सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मामले को सुलझाने में सीसीटीवी फुटेज और खबरियों की मदद से महत्वपूर्ण सुराग मिले, जिसके चलते चोरों का पर्दाफाश किया जा सका। अब पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

## एसटी निगम की पांच हजार बसें कबाड़ में

**नागपुर.**

महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एसटी) ने पिछले पांच वर्षों में पांच हजार बसें रद्द कर दी हैं. खराब बसों की तुलना में नई बसें नहीं मिलने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आइए जानते हैं धीरे-धीरे बसों की संख्या कम होने से एसटी की यात्री सेवा में आ रही दिक्कतों के बारे में , महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एसटी) के पास 2018-19 के दौरान यात्री सेवा में 16 हजार 414 बसें थीं। 2022-23 में यह संख्या घटकर 13 हजार 316 बसें रह गई। इसलिए बसों की संख्या कम हो रही है. जबकि 31 मार्च 2020 के दौरान एसटी की 1 हजार 586 बसें स्क्रैप कर दी गईं. सामाजिक कार्यकर्ता अभय कोलारकर को 31 मार्च 2021 में 929 बसें, 31 मार्च 2022 में 752 बसें, 31 मार्च 2023 में 579 बसें और 31 मार्च 2024 में 1 हजार 129 बसों की जानकारी मिली।



इस बीच, निगम में बसों की संख्या में गिरावट आई है क्योंकि एसटी के बेड़े में नई बसें नहीं आई हैं जबकि पुरानी बसें खत्म की जा रही हैं। शीतकालीन सत्र के दौरान निगम के अध्यक्ष भरत गोगवले ने नागपुर में निदेशक मंडल की बैठक ली. इस दौरान उन्होंने दावा किया कि नए साल में निगम के बेड़े में 3 हजार 500 बसें शामिल होंगी और कई ईवी बसें और लीज बसें भी उपलब्ध होंगी. इस पर अब महाराष्ट्र एसटी कर्मचारी कांग्रेस ने सवाल उठाया है. इस संगठन का सवाल है कि पिछले दो साल में घोषित नई बसें कहां गईं?

**यात्री सेवा पर असर**

एसटी निगम के बेड़े में बसों की कमी का असर यात्री सेवा पर भी पड़ रहा है. इससे पहले, राज्य के विभिन्न हिस्सों में यात्राओं या अन्य प्रमुख कार्यक्रमों के अवसर पर एसटी राउंड को बड़ी संख्या में बढ़ाया जाता था। लेकिन बसों की संख्या कम होने के कारण अब इन यात्राओं को बढ़ाने पर भी सीमा लग गई है. एसटी कॉर्पोरेशन के विशेषज्ञों का कहना है कि इसका असर निश्चित तौर पर यात्री सेवा पर भी पड़ रहा है.

> **“हालांकि एसटी में बसों की स्क्रैपिंग की दर बढ़ गई है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि नई बसें कब आएंगी। दो साल पहले, एसटी ने 2,475 नई स्व-स्वामित्व वाली बसें खरीदने की घोषणा की थी। लेकिन बेड़े में एक भी बस नहीं आई। अब फिर से इसकी घोषणा की गई है।”**
>
> **– श्रीरंग बर्गे, महासचिव, महाराष्ट्र एसटी कर्मचारी कांग्रेस।**

## आरोपी को एक महीने की सजा, 1000 रुपये जुर्माना

**नागपुरः** जिला सत्र न्यायालय में एक सड़क दुर्घटना के आरोपी को एक महीने की साधारण कारावास और 1000 रुपये का जुर्माना लगाया। आरोपी के खिलाफ यह फैसला प्रथम श्रेणी न्यायदंडाधिकारी योगेश एच. गजभीये ने सुनाया। यह मामला 6 जून 2022 को हुआ था जब आरोपी आरती रजत गवारले (39 वर्ष), जो कि हनुमान नगर, अजनी, नागपुर की निवासी हैं, ने अपनी स्विफ्ट डिजायर कार से फिर्यादी के पिता के ऑटो रिक्शा को टक्कर मारी थी। इस दुर्घटना में फिर्यादी के पिता, सुनिल गायकवाड (40 वर्ष), और एक ई-रिक्शा चालक भी घायल हुए थे। इसके अलावा, दोनों ऑटो रिक्शा को भी नुकसान पहुँचा था। इस मामले की जांच और दोषारोपण के बाद, न्यायालय ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 279, 337 और 427 के तहत दोषी पाया।

## लूट के बाद हत्या मामले के 4 आरोपी गिरफ्तार

### > आटोरिक्शा में सवार व्यक्ति हुआ था शिकार

**नागपुरः**

धंतोली थानाक्षेत्र में आटो रिक्शा में सवार एक व्यक्ति की लूट के बाद हत्या के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों के नाम लकड़गंज निवासी रवि कुवरलाल वाघाडे (24), नवाबपुरा निवासी भूषण अशोक ठाकरे (19) और आकाश सदाशिव वाघमारे (21), श्रवण शरद जोगने (30) मिनी माता नगर कलमना निवासी बताये जा रहे हैं. इनमें एक आरोपी को बोरगांव, जिला वर्धा और अन्य 2 को भुसावल और एक आरोपी को मिनीमाता नगर से पकड़ा गया. ज्ञात रहे कि आरोपियों ने ऑटो में सवार लुटेरों ने 40 से 45 वर्ष के एक व्यक्ति को मौत के घाट उतार कर उसका सारा सामान लेकर फरार हो गए थे. अब भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है. हालांकि मृतक के पास पुणे म्युनिसिपल ट्रांसपोर्ट की बस का टिकट मिला. अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह किसी काम से नागपुर आया होगा.



**घर में ही मिला एक आरोपी**

पुलिस आरोपियों की तलाश की तो पता चला कि इसमें रवि, भूषण और आकाश शामिल हैं. क्राइम ब्रांच की यूनिट 3 ने खोजबीन की तो रवि के बोरगांव, जिला वर्धा में घर होने का पता चला जहां वह अपनी मां के साथ रहता है. पुलिस ने मौका देखकर उसे घर पर दबीश दी और उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की. कुछ ही देर में उसने अन्य तीनों साथियों के नाम बता दिये. तकनीकी जांच से पता चला कि आरोपी भूषण और आकाश भुसावल में है. तुरंत ही एक टीम भुसावल रवाना हुई और उन दोनों को भी दबोच लिया गया.

**श्रावण ने दिया था सुराग**

वारदात के बाद पुलिस ने सीसीटीवी रिकार्डिंग और तकनीकी जांच के बाद क्राइम ब्रांच की यूनिट 2 ने सबसे पहले मिनीमातानगर, कलमना निवासी श्रावण शरद जोगने (30) को फिल्डिंग लगाकर गिरफ्तार किया. कड़ी पूछताछ में उसने वारदात में शामिल रवि, भूषण और आकाश का नाम बताया. इसके बाद पुलिस उन तीनों की तलाश में जूट गई.

**बैग छीना और प्रतिकार करने पर मारा चाकू**

जानकारी के अनुसार 3 दिन पहले यह व्यक्ति मुंजे चौक से पैदल जा रहा था. तभी ऑटो चालक उसके पास आकर रुका. बातचीत करने के बाद व्यक्ति ऑटो में सवार हो गया. ऑटो की पिछली सीट पर 2 और आरोपी सवार थे. आनंद टॉकीज होते हुए ऑटो सीताबर्डी की कुर्वेज न्यू मॉडल स्कूल की तरफ जाने लगा. लोहारकर होटल के सामने ऑटो में सवार आरोपियों ने व्यक्ति को लूटने का प्रयास किया. उसका बैग छीनने की कोशिश की. विरोध करने पर पिछली सीट पर सवार आरोपियों ने उसकी छाती पर चाकू मार दिया और बाहर धकेल दिया. व्यक्ति सीमेंट रोड पर गिरा. भागने के लिए 4-5 कदम आगे चला लेकिन वहीं गिर गया. छाती से खून की धार लग गई जिससे उसकी मौत हो गई. ऑटो में सवार आरोपी उसका सारा सामान लूटकर भाग गए.

## नया साल मनाने नशे में वाहन चलाने वालों पर पुलिस का सख्त रुख

**> पुलिस ने की 50 स्थानों पर नाकाबंदी, 5000 कर्मी तैनात**

**नागपुर.** नए साल के जश्न को लेकर पुलिस ने शराबी वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई करने की योजना बनाई है। शहर पुलिस आयुक्त डॉ. रवींद्र सिंगल ने सोमवार को आला अधिकारियों के साथ बैठक करके इस दिशा में कड़े निर्देश दिए हैं। डॉ. सिंगल का कहना है कि उनका उद्देश्य नए साल को बिना अपराध और हादसों के मनाना है।



इसकी तैयारी के तहत शहर के अंदर 50 स्थानों पर और बाहरी मार्गों पर 8 प्रमुख स्थानों पर नाकाबंदी की गई है। इसके लिए पुलिस ने लगभग 5000 कर्मियों को तैनात किया है। सोमवार रात से ही पुलिस की विशेष टीम सक्रिय हो गई है और शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच ब्रिथ एनालाइजर से की जा रही है।

इसके अलावा, बार, रेस्टोरेंट और होटल संचालकों को भी चेतावनी दी गई है। उन्हें किसी भी अप्रिय घटना या विवाद की स्थिति में पुलिस को तुरंत सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, बगैर अनुमति के शराब की बिक्री पर भी सख्त प्रतिबंध रहेगा। होटल संचालकों को यह भी कहा गया है कि वे नशे में वाहन चलाने वाले लोगों की जानकारी पुलिस को दें और घटनाओं के सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखें।

## मिहान में दूसरे लिंक टैक्सी-वे को दी मंजूरी

**नागपुरः**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मिहान में दूसरे लिंक टैक्सी-वे को मंजूरी दे दी है। इसके लिए उन्होंने 100 करोड़ रुपये की सहायता देने पर सहमति जताई है। सूत्रों के अनुसार शनिवार को फडणवीस द्वारा बुलाई गई बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया है। फडणवीस द्वारा एमएडीसी को 786 हेक्टेयर जमीन मिहान इंडिया लिमिटेड को सौंपने के लिए कहने के बाद यह एक और बड़ा घटनाक्रम है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनने के बाद देवेंद्र फडणवीस की




अध्यक्षता में एयरपोर्ट विकास के संबंध में यह पहली बैठक थी। सूत्रों के मुताबिक, महाराष्ट्र एयरपोर्ट डेवलपमेंट कंपनी (एमएडीसी) की उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक स्वाति पांडे ने मिहान में विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) की 500 एकड़ जमीन को विमानन गतिविधियों से संबंधित वाणिज्यिक उद्देश्य के लिए उपयोग करने की मांग की थी।

इंडामेर एविएशन प्राइवेट लिमिटेड, डसॉल्ट और एयर इंडिया एमआरओ ने मौजूदा लिंक तक पूरी पहुँच ले ली है। ये एमआरओ इस अतिरिक्त भूमि का उपयोग कर सकते हैं। फडणवीस का मानना था कि राज्य को इस परियोजना को वित्तीय रूप से समर्थन देना चाहिए और उसके बाद उन्होंने कुल मिलाकर 200 करोड़ रुपये देने का वादा किया।

भारत सरकार की नई एमआरओ नीति के अनुरूप एमआरओ उद्योग को बढ़ावा देने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। एमआरओ ने पहले से बेची गई भूमि पर जगह ले ली है, इसलिए एमएडीसी वहां कोई विमानन सुविधा नहीं बना सकता है।

एमएडीसी 500 एकड़ जमीन पर सभी विमानन सुविधाएं तैयार करेगी। एमएडीसी ने सभी तरह के बुनियादी ढांचे बनाने की योजना बनाई है। इससे नागपुर के उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। जीएमआर एयरपोर्ट्स लिमिटेड पहले से ही दूसरे रनवे का निर्माण कर रहा है।

एयर इंडिया एमआरओ को कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए एमआईएल द्वारा दूसरे टैक्सी ट्रैक की 1,270 मीटर लंबाई के आंशिक हिस्से का निर्माण पहले ही किया जा चुका है। उत्तर-पश्चिम की ओर 535 मीटर लंबाई के शेष हिस्से और दक्षिण-पूर्व की ओर 1,395 मीटर लंबाई के हिस्से का निर्माण करके 3200 मीटर का पूर्ण समानांतर टैक्सी ट्रैक बनाने का प्रस्ताव है।




CMYK

# समाज निर्माण में वरिष्ठ नागरिकों की भूमिका अहम: सरपंच साबरे

## > नागरिकों के सामाजिक योगदान पर गहन चर्चा हुई

**कामठी.**

जेष्ठ नागरिक मंडल की ओर से रणाला स्थित रेलवे अंडर ब्रिज परिसर में रविवार को शाम में वरिष्ठ नागरिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे ने शिरकत की. वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में नागपुर मेट्रो समाचार के उपसंपादक सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी, ग्राम पंचायत सदस्य प्रदीप उर्फ बाल्या सपाटे, सारेगामा फेम सिंगर प्रदीप उर्फ परितोष मुखर्जी, भक्ति ट्रांसपोर्ट संचालक यशवंत कुल्लरकर, भाजपा रणाला अध्यक्ष सुनील मोहोड़ मौजूद रहे.

ज्ञात हो कि कार्यक्रम में पी.जी. पोजगे गुरुजी की अध्यक्षता में वरिष्ठ नागरिकों में संदीप ऊरकूड़े, तुलसीराम झाड़े, हरिचंद्र ग़लबले का जन्मदिन मनाया गया. उन्हें पुष्पगुच्छ व गमछा भेंट देकर भविष्य की शुभकामनाएं दी गई.

संवाद कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों के सामाजिक योगदान पर गहन चर्चा हुई. सरपंच पंकज साबरे ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन हैं और उनके पास ज्ञान और अनुभव का खजाना होता है. समाज निर्माण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है.

इसीलिए वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान सबसे ज़रूरी है. जेष्ठ नागरिक मंडल की मांग पर सरपंच साबरे ने आश्वासन दिया कि रणाला में क्षेत्र का पहला प्रस्तावित हॉल का निर्माण जेष्ठ नागरिकों की जरूरतों और सुविधाओं को ध्यान में रखकर बनवाया जाएगा.

अधिकारियों के अनुसार सर्वे के बाद डिजाइन पर काम शुरू कर दिया गया है.





प्रस्तावित स्थल का अंतिम निर्णय कराने के बाद निर्माण शुरू कराया जाएगा. आयोजित एक कार्यक्रम में सारेगामा फेम सिंगर प्रदीप उर्फ परितोष मुखर्जी ने जन्मदिन पर 'बार बार दिन ए आए' एक गीत की प्रस्तुति की. सुर ताल और निधि की मधुर आवाज ने जेष्ठ नागरिकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. वहीं दर्शकों की डिमांड पर उन्होंने दूसरी प्रस्तुति में 'कश्में वादे प्यार वफ़ा का' गीत की दी.

### कार्यकर्ता गणेश सपाटे ने प्रस्तावना रखी

सामाजिक कार्यकर्ता गणेश सपाटे ने प्रस्तावना रखी. स्वागतम का कार्यभार तुकाराम ठवकर एवं नरेंद्र कुथे ने संभाल रखा था. मंच संचालन सेवानिवृत पुलिस निरीक्षक सदाशिव पुड़के ने किया और और आभार प्रदर्शन दिव्यांग फाउंडेशन सचिव बॉबी महेंद्र ने व्यक्त किया. कार्यक्रम का समापन सुरुचि भोज से किया गया.

# पीड़ित मां की दर्दभरी दास्तान

## > एक अंतिम संस्कार की कहानी

**सावनेर.**

यह दिल दहला देने वाली घटना है, जिसमें एक बेसहारा माँ अपनी मात्र ग्यारह दिन की बच्ची के शव के साथ अस्पताल में मदद की तलाश कर रही थी। पश्चिम बंगाल निवासी पीड़ित महिला खुकु राकेश धुर्वे, जो फिलहाल गोधनी रेलवे रोड पिटेसुर, नागपुर में रहकर मीला कार्य कर अपना जीवन चला रही है, की बच्ची ने जन्म के साथ ही गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना किया। उसे इलाज के लिए मेओ अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन 28 दिसंबर की रात करीब 9 बजे बच्ची की मृत्यु हो गई।

माँ के लिए यह और भी कठिन था क्योंकि उसका पति किसी जुर्म में जेल में है, और उसकी चार वर्षीय बच्ची को उसने उज्जवल भविष्य की उम्मीद में एक अनाथ आश्रम में रखा हुआ था। अब, दूसरी बच्ची की मृत्यु के बाद, अस्पताल की कागजी कार्रवाई और अंतिम संस्कार के लिए मदद के बिना वह पूरी तरह से लाचार थी।हादसे और बेसहारा लोगों की मदद के लिए सदैव तत्पर



रहने वाले हितज्योती फाउंडेशन के कार्यकर्ता अंकित रहागंडाले ने इस पीड़ित महिला के बारे में फाउंडेशन के संस्थापक मुत्युंजय दुत पुरस्कार से सम्मानित हितेश बनसोड को जानकारी दी। तुरंत ही हितेश दादा बनसोड अस्पताल पहुंचे और चिकित्सकों से अनुरोध किया कि बच्ची के शव को रातभर अस्पताल में रखा जाए, लेकिन नियमों का हवाला देते हुए चिकित्सकों ने इसे अस्वीकार कर दिया। इसके बाद, हितेश बनसोड ने पीड़ित माँ और उसके मृत बच्ची के शव को सावनेर लाकर दफन विधि के लिए राम गणेश गडकरी स्मशान भूमि में 29 दिसंबर को अंतिम संस्कार कराया। इस कठिन समय में हितज्योती फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं - अंकित हांडे, विक्की कावलकर, नरेंद्र समंदुरकर, पीयुष सूर्यवंशी, अभिषेक भगत, अंकित फुटाने आदि - ने पूरी तरह से पीड़ित परिवार का सहयोग किया और उनका सामाजिक दायित्व निभाया।

इस अवसर पर, जब पीड़ित माँ ने अपनी बच्ची के अंतिम संस्कार को देखा, उसकी आँखों में आंसू थे, लेकिन साथ ही उसकी दिल से एक ही शब्द निकल रहा था, "हितेश दादा तुम मेरे लिए भगवान बनकर आए हो।

हितज्योती फाउंडेशन के हितेश बनसोड और उनके सहयोगियों की इस समर्पित समाजसेवा को शत-शत नमन।

# पोरवाल कॉलेज में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर डिटेक्शन कैंप आयोजित

**कामठी.**

स्थानीय सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज के बायोकेमिस्ट्री विभाग ने सोमवार को "ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर डिटेक्शन कैंप" पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया.

शिविर का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. विनय चव्हाण के हाथों हुआ. इस अवसर पर पूर्व उप प्राचार्य एवं बायोकेमिस्ट्री विभाग के प्रमुख डॉ. ए.एच. अंसारी विशेष रूप से उपस्थित थे. गतिविधि का उद्देश्य जागरूकता पैदा करना है क्योंकि बहुत से लोग इस बात से अनजान हैं कि उनकी जीवनशैली उनके स्वास्थ्य पर कैसे




प्रभाव डालती है.

एक जांच शिविर अनियंत्रित रक्त शर्करा और उच्च रक्तचाप के खतरों के साथ-साथ स्वस्थ आदतों के महत्व के बारे में कर्मचारियों को शिक्षित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है. यह पहल न केवल कर्मचारियों के बीच बल्कि छात्रों के बीच भी कॉलेज भर में स्वास्थ्य चेतना की संस्कृति को प्रोत्साहित करती है. शिक्षण और गैर-शिक्षण सदस्य अक्सर व्यापक कॉलेज समुदाय के लिए उदाहरण स्थापित करते हैं. शिविर से टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ के कुल 55 सदस्य लाभान्वित हुए. 31 छात्रों ने स्वेच्छा से इस गतिविधि में भाग लिया. बायोकैमिस्ट्री विभाग की प्रमुख डॉ.शालिनी चहांदे, रोहन जयसवाल, अज़ना शबी, भीमराव राठौड़ और छात्रों ने शिविर की सफलता के लिए कड़ी मेहनत की

# किसी की पहचान करने में मदद करें

**सावनेर.**

सावनेर थाना अंतर्गत शिवाजी चौक पांढुर्णा रोड पर 18 दिसंबर 2024 को एक 60 वर्षीय व्यक्ति बेहोशी की हालत में पाया गया। सावनेर पुलिस ने उसे प्राथमिक उपचार हेतु स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र सावनेर भेजा, जहां के डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार दिया और फिर उसे आगे इलाज के लिए मेयो हॉस्पिटल, नागपुर भेजा। दुर्भाग्यवश 21 दिसंबर 2024 को शाम 7:30 बजे मेयो हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उस व्यक्ति की मृत्यु हो गई। इसके बाद, सावनेर पुलिस ने मर्ग क्र. 81/2024 धारा 195 भा. द. सं. के तहत मामला दर्ज किया है और जांच की प्रक्रिया जारी है।

अनुमानित उम्र: 60 वर्ष रंग: सांवला कद: 5 फीट 5 इंच शारीरिक अवस्था: मध्यम



बाल: सीधे काले और सफेद चेहरा: लंबा बांह पर त्रिशूल और ओम का टैटू पहने हुए कपड़े: लाल और सफेद लाइन वाली फुल बांह की शर्ट, ग्रे रंग की फुल पेंट, शर्ट के अंदर काले कॉलर वाली टी-शर्ट यदि कोई इस व्यक्ति को पहचानता है, तो कृपया निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क करें: सावनेर पुलिस स्टेशन: 07113232209 पुलिस उपनिरीक्षक दीपक निंबालकर: 9022288092 सावनेर पुलिस द्वारा नागरिकों से निवेदन किया गया है कि वे शीघ्र जानकारी प्रदान करें। यह समाचार के रूप में तैयार किया गया है, जिसे प्रेस विज्ञप्ति के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है।

# वंचित आघाड़ी की समीक्षा बैठक संपन्न

**सावनेर.**

वंचित बहुजन गठबंधन की सावनेर कलमेश्वर विधानसभा चुनाव की समीक्षा एवं जिला परिषद मंडल संगठन को मजबूत करने हेतु महत्वपूर्ण बैठक सावनेर के शासकीय विश्राम गृह में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता कुशलभाऊ मेश्राम, जिला प्रभारी एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ने की, जबकि अजय सहारे, जिला महासचिव की प्रमुख उपस्थिति रही। बैठक में मुख्य रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि हर गांव में शाखा और शाखा बोर्ड होना चाहिए। इसके लिए जिला परिषद सर्किल की जिम्मेदारी स्थानीय स्तर पर अधिकारियों को सौंपने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त, इंजी.



शुभम वाहने बालासाहेब अंबेडकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में वंचित बहुजन आघाड़ी में शामिल हुए।बैठक में सावनेर कलमेश्वर तालुका की महिलाएं, युवा गठबंधन, जिला, तालुका पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया।प्रमुख कार्यकर्ताओं में एड्. संजय गणवीर, शांताराम ढोके, दादाराव लांजेवार, मधुकर बागड़े, अरुण गजभिये, देवराव भांगे, विजय बागड़े, संदीप गोंदुले, धनेश्वर ढोके, मनोज बागड़े, अमोल डोंगरवार, पंकज गायकवाड़, शुभम वाहने, मधुकर बोरकर, किशोर मडके, आनंद बागड़े, हुकुमचंद मेश्राम, नरोत्तम मडकवार, छाया सहारे, माया पाटिल, अनिता निकोसे, मनीष शेंडे, वैभव येवले, कला भौतकर, सुकेशनी पाटिल, शकुंतला मेश्राम, शांता रक्षित, सरला बागड़े, पद्मा बागड़े, झिंगू खोबरागड़े, शांता खोबरागड़े, राकेश गोंदुले, कृष्णा मून, भुजंग नारनावरे, विकास तागड़े, आशीष पाटिल, धनंजय दुपट्टे, संघपाल गजभिये, भाऊराव लांजेवार, पंकज नारनवारे और राजू मेश्राम सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए

# दिलीप गजभिये को अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा

**खापरखेडा.**

दर्पणकार बालशास्त्री जांभेकर जर्नालिस्ट संस्था द्वारा नासिक में आयोजित पत्रकार दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार दिलीप गजभिये को राष्ट्रीय कर्मयोगी पुरस्कार-2025 से सम्मानित किया जाएगा। इस पुरस्कार की घोषणा संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. महेंद्र देशपांडे ने एक प्रेस कांफ्रेंस में की। यह सम्मान समारोह आगामी 5 जनवरी, रविवार को होराइजन अकादमी सीबीएससी स्कूल ऑडिटोरियम, नाशिक में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कई मान्यवरों की उपस्थिति रहेगी.

जिनमें नाशिक के सांसद राजाभाऊ वाजे, झी 24 तास न्यूज चैनल के संपादक कमलेश सुतार, गुणवंत कामगार कल्याण मंडल की अध्यक्षा भारती चव्हाण, राजस कन्स्ट्रक्शन के संचालक राजेश उपासनी, मॉडल और मिसेस मलेशिया इंटरनेशनल ज्योती केदारे-शिंदे, छंद दिवाळी अंक के संपादक दिनकर शिलेदार, दैनिक सामना के मुख्य संपादक मनोज शिंदे (सूरत), मराठा विद्याप्रसारक समाज के सरचिटणीस नितीन ठाकरे, उत्तर महाराष्ट्र सौंदर्य



सम्राज्ञी निशिगंधा कापडणीस, रोटरी क्लब नाशिक के अध्यक्ष ओमप्रकाश रावत, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मण सावजी, मंत्राज ग्रीन रिसोर्सेस के डॉ. यु.के. शर्मा, और भाजपा प्रवक्ता अजीत चव्हाण प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकार दिलीप गजभिये को विभिन्न क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय कर्मयोगी अवार्ड-2025 से सम्मानित किया जाएगा।

यह पुरस्कार उनके द्वारा पत्रकारिता के क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों और समाज के प्रति उनकी सेवाओं को मान्यता प्रदान करेगा। इस सम्मान की घोषणा से दिलीप गजभिये को विभिन्न स्तरों से बधाइयाँ मिल रही हैं।

इस सम्मान समारोह का आयोजन पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना के रूप में किया जा रहा है, और यह नासिक शहर के पत्रकारिता जगत में एक महत्वपूर्ण घटना साबित होगा।

# अशोक विद्यालय के स्नेह सम्मेलन का समापन

**उमरेड.**

उमरेड शहर के श्रीसंत गुलाबबाबा शिक्षा संस्था अंतर्गत अशोक प्राथमिक शाला, अशोक कन्या विद्यालय, अशोक विद्यालय एवं कनिष्ठ महाविद्यालय, रणधीरसिंह भदोरिया महाविद्यालय आदि का संयुक्त स्नेह सम्मेलन समारोह अशोक विद्यालय ज्युनियर कॉलेज के ग्राउंड पर आयोजित किया गया। इस रंगारंग स्नेह सम्मेलन का उद्घाटन नागपुर की पूर्व महापौर डॉ. कल्पना पांडे (अध्यक्ष-नागपूर विद्यापीठ शिक्षक मंच) के हाथों हुआ। अपने उद्बोधन में डॉ. पांडे ने छात्रों के जीवन में आत्मविश्वास जागृत करने का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास से छात्र अपने जीवन में सफलता हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कर्मठता और आत्मविश्वास को जीवन का मूलमंत्र बताया।

समारोह की अध्यक्षता विधायक संजय मेश्राम ने की। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजू पारवे, सुधीर पारवे, संस्था अध्यक्ष राम भाकरे, उपाध्यक्ष लेमन बालपांडे, संस्था सदस्य श्रीराम नंदनवार, आनंद चुडे, भगवान वाईलकर, शशीकला बेले, जितेंद्र सिंह बैस, शैलेजा भदोरिया, मयंक भदोरिया, भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी परिषद सदस्य डॉ. शिरीष मेश्राम, सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक देवराव पाटिल, अलका रेवतकर, उपमुख्याध्यापक सतीश खर्चे आदि की उपस्थिति में उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ।

इस संयुक्त स्नेह सम्मेलन में छात्रों ने विविध सांस्कृतिक, बौद्धिक कार्यक्रम, रंगोली, पाककला, चित्रकला, क्रीड़ा आदि स्पर्धाओं का सफल आयोजन किया। इन स्पर्धाओं में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह में मेधावी छात्रों का सम्मान भी किया गया। इसमें नागपुर विश्वविद्यालय से द्वितीय मेरिट कु. अंकिता भुजबल एवं दसवीं मेरिट कु. निकिता पाटिल, अंडर-19 विदर्भ क्रिकेट असोसिएशन महिला क्रिकेट टीम में चयनित आर्या पोंगडे, राज्यस्तरीय शालेय बुद्धिबल स्पर्धा नांदेड में हिस्सा लेने वाली अमिशा सांडेकर, राज्यस्तरीय शालेय क्रॉसकंट्री स्पर्धा पुणे में भाग लेने वाले साहिल मोहरकर, तैराकी स्पर्धा में लिम्का बुक रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने वाली काशी माटे एवं प्रशिक्षक अमोल रायपूरकर को सम्मानित किया गया।

समारोह का प्रस्तावना उमरेड नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं संस्था सचिव विजयलक्ष्मी भदोरिया ने किया, जबकि संचालन कु. आस्था पाठक और कु. निधा पटेल ने किया। आभार संस्था सदस्य नेहा भदोरिया ने माना।

समारोह की सफलता में श्रीसंत गुलाबबाबा शिक्षण संस्था उमरेड द्वारा संचालित सभी स्कूलों, महाविद्यालयों के मुख्याध्यापक व प्राचार्य, पूर्व शिक्षक, पूर्व छात्र, संस्था सदस्य, उमरेड नगर परिषद के पूर्व नगरसेवक, अशोक विद्यालय उमरेड, अशोक ज्युनियर कॉलेज उमरेड, अशोक कन्या विद्यालय उमरेड, अशोक प्राथमिक शाला उमरेड, रणधीर सिंह भदोरिया महाविद्यालय उमरेड, रणधीर सिंह भदोरिया मित्र मंच के शिक्षक, अन्य कर्मचारी और छात्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# चंद्रशेखर अरगुलेवार सेवा रत्न से सम्मानित



**कामठी.**

हवलदार के पद से त्याग पत्र देकर, अपना और अपनी पत्नी का मरणोपरांत नागपुर मेडिकल कॉलेज को देहदान, मरणोपरांत अपना खुद का मकान राष्ट्र संत गाडगे बाबा लाइब्रेरी को दान तथा कई युवाओ को केन्द्रीय पुलिस बल में, आर्मी में , दिल्ली पुलिस में भर्ती करा चुके है, जरूरतमंदों को हर महीने अन्न व किराणा समान का वितरण, हर वर्ष निर्धन गरीब कन्याओं का सर्वधर्मीय निःशुल्क सामूहिक विवाह, हर वर्ष ठंड में गरीबो को कम्बल वितरण , गरीब बच्चो को कपड़े, गरीब बच्चों को किताब का वितरण, चिकित्सा शिबिर, रक्तदान शिबिर आदि क्षेत्रों में अपनी सेवाएं प्रदान किए जाने पर तेजस बहुउद्देशीय संस्था के संस्थापक अध्यक्ष चंद्रशेखर अरगुलेवार को ग्लोबल इंटरनेशन फाउंडेशन टीम की संस्थापक अध्यक्ष मनीष ठाकरे, जय रामटेके की ओर से सेवा रत्न सम्मान से स्मृतिचिन्ह, प्रशस्ति पत्र, श्रीफल, पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया.

इस मौके पर तेजस संस्था के उपाध्यक्ष देवीदास पेटारे, सहयोगी मित्र मिजवां रहमान, शंकर बर्मन, शाहीर राजेन्द्र बावनकुड़े आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से मौजुद रहें.

# तार के कंपाउंड को लेकर युवक के साथ गाली गलौज



**गोंदिया.**

दवनीवाडा थानांतर्गत सायटोला निवासी फरियादी भरतलाल नागपुरे (33) के घर के सामने का तार कंपाउंड आरोपियों द्वारा तोड़ा जा रहा था। इस दौरान फरियादी उनका वीडियो बना रहा था। इस बात को लेकर 3 आरोपी गुस्सा हो गए और सभी ने मिलकर उसके साथ गालीगलौज किया इतना ही नहीं तो उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों में सायटोला निवासी पिरतलाल सुरजलाल कटरे (72), नगारशी पिरतलाल कटरे (30) और पूनम नगारशी कटरे (28) का समावेश है। यह घटना 28 दिसंबर को घटी। फरियादी की रिपोर्ट पर दवनीवाडा पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351 (2), 3 (5) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस हवलदार निलकमल झाडुलाल लिल्हारे कर रहे है।

# समृद्ध, सुदृढ़-तथा शांतिप्रिय राष्ट्र-निर्माण करने वाले बनें: डॉ.बागुल

## > सामान्य ज्ञान पुरस्कार का वितरण संपन्न

**कोंढाली.**

कोंढाली में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में उपविभागीय पुलिस अधिकारी डॉ. अशोक बागुल ने छात्रों को मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि "विकासात्मक व्यक्तित्व ही समृद्ध जीवन तथा सुदृढ़ देश निर्माण का मार्ग है।" उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे अपने माता-पिता और गुरुओं का जीवन भर सम्मान करें, जीवन में खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी समय दें, तथा नशे से दूर रहें। साथ ही उन्होंने छात्रों से कहा कि वे मोबाइल का सदुपयोग करें, सायबर क्राइम से बचें, और वाहन चलाने के नियमों का पालन करें।

कार्यक्रम में 2500 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि डॉ. अशोक बागुल ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे एमपीएससी और यूपीएससी के महत्व पर जानकारी दी और बताया कि कैसे इस प्रतियोगिता से करियर के सर्वोत्तम अवसर प्राप्त किए जा सकते हैं। इस वर्ष की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में कुल 1430 छात्रों ने भाग लिया। कक्षा 9 की छात्रा धनश्री रवीन्द्र चोपड़े ने तीनों समूहों से संयुक्त रूप से प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। उन्हें सम्मानित करने के लिए मोबाइल टैब दिया गया। कक्षा 7 के समूह कुमारी अर्पिता राजेश चौबे, निधि प्रदीप अंबुडारे और रिया सुभाष पोकले को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। कक्षा 8 से 10 के समूह B में भावेश्री नामदेवराव शेंडे को प्रथम, सम्यक नरेश नारनवरे को द्वितीय और श्रावणी संजय सोमनकर तथा तन्मय नरेंद्र देशमुख को तृतीय स्थान मिला। जूनियर कॉलेज समूह से रितेश कृष्णा युवनाते को प्रथम, यशस्वी नासरे को द्वितीय और आयुषी चोपड़े को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। समारोह में संस्था के अध्यक्ष राजेश राठी, उपाध्यक्ष रेखा राठी, प्राचार्य सुधीर बुटे, और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।





### प्रतियोगिता में कुल 1430 छात्रों ने भाग लिया

इस कार्यक्रम का संचालन प्रांजलि मस्की ने किया और आभार अमोल काले ने माना। विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप डिजिटल घड़ी, स्कूल बैग, स्टडी टेबल, और प्रतियोगी परीक्षा की किताबें दी गईं। इस दौरान कुंडी सजावट प्रतियोगिता और खेल पुरस्कार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन हरीश राठी, महेश घोगरे, अमोल काले और अन्य ने किया।

# मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में दो विद्यार्थी घायल

**गोंदिया.**

आमगांव-सालेकसा मार्ग पर दो मोटरसायिकलों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में दो विद्यार्थियों के घायल हो जाने की घटना 29 दिसंबर को शाम 4 बजे के दौरान घटित हुई। घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार गवराबाई महाविद्यालय का एक छात्र एवं एक छात्रा मोटरसाइकिल से झालिया से सालेकसा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम पोवारीटोला में सालेकसा की ओर से आ रही मोटरसाइकिल क्र. एम.एच.35-ए.टी.6201 के चालक ने अपनी मोटरसायकिल से उन्हें टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार दोनों विद्यार्थी घायल हो गये। आरोपी मोटरसायकिल चालक का नाम आमगांव निवासी दीपक सरवरे बताया गया है। इस घटना में घायल छात्र को पैर में गंभीर चोटे आयी, जबकि छात्र मामूली रूप से जख्मी हुई। घटना की जानकारी मिलते ही महाविद्यालय के प्राचार्य बनोठे ने घायल विद्यार्थियों को निजी वाहन में आमगांव के अस्पताल में उपचार के लिये ले गए। समाचार लिखे जाने तक जख्मी विद्यार्थियों का नाम पता नहीं चल सका है।

# त्रिरत्न बुद्ध विहार में विवाह संपन्न

**लाखांदूर.** टी प्वाइंट स्थित त्रिरत्न बुद्ध विहार में बौद्ध पद्धति से एक जोड़े का विवाह सम्पन्न हुआ। पौनी तालुका के चीचाळ (अकोट) गांव के मिलिंद राजू बारसागडे (उम्र 33 वर्ष) और मिनल शशिकांत रामटेके (उम्र 23 वर्ष) का शुभ विवाह बौद्ध पद्धति से हुआ। इस दौरान विहार समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव उपस्थित थे। यह विवाह 29 दिसंबर को सम्पन्न हुआ। वरपक्ष से बबन बोरकर, पंढरी बोरकर, मलेश बोरकर और मयूर बोरकर तथा वधू पक्ष से आनंद बारसागडे, नचिकेत ऊके, रामकृष्ण रामटेके मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस विवाह समारोह में समाज के कई लोग भी उपस्थित थे।

# आमधरे ने की मंत्री रावल से खरीदी की केंद्र समय सीमा बढ़ाने की मांग



**कामठी.** कृषि उत्पन्न बाज़ार समिति मुंबई नियमन सभापति व कामठी संचालक हुकुमचंद आमधरे द्वारा मुंबई में मंत्री जयकुमार रावल से आज सोमवार को मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपकर नागपुर, मौदा, कामठी, भंडारा, गोंदिया, चंद्रपुर, वर्धा, गड़चिरोली सभी जिलों के किसानों को एमएसपी मूल्य पर धान, कपास, सोयाबीन, चना, चना के लिए खरीद केंद्र खोलकर समय सीमा बढ़ाने की मांग की और चर्चा की गई. जिस पर मंत्री जयकुमार रावल ने स्वयं ध्यान देने को तैयार हो गये.

## निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com



### मधुकर खोड़े

नागपुर. नंदनवन एलआईजी कॉलोनी निवासी मधुकर महादेव खोड़े का 30 दिसंबर को निधन हो गया और उनका अंतिम संस्कार गंगाबाई घाट पर किया गया.

# जंगली सुअर का मांस बेचते पकड़े गए

गोंदिया. अर्जुनी मोरगांव तहसील के सिंगलटोली में जंगली सुअर का मांस बिक्री करते हुए आरोपियों को वन विभाग की टीम ने रंगेहाथ पकड़ा है। यह कार्रवाई 28 दिसंबर को की गई। इस मामले में वन विभाग ने एक बंदूक, 10 बारुद के गोले, 50 किलो मांस, कछुए के कवच सहित 1 लाख रुपए का माल जब्त किया है। जबकि 3 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं और 2 आरोपी फरार बताए गए हैं। इस संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी मोरगांव तहसील के सिंगलटोली में सोनुसिंह शैलेंद्रसिंह टांक, बिरुसिंह निर्मलसिंह टांक, होमेंद्र जिजराम राकड़े, नरेश रामजी खोब्रागड़े, आशीक उर्फ लक्ष्मण राजकुमार मेश्राम द्वारा जंगली सुअर का मांस बिक्री किए जाने की गुप्त जानकारी वन विभाग को मिली। जिसके बाद छापामार कार्रवाई कर उन्हे रंगेहाथ पकड़ा गया। जिनके खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2 (16), 9, 39, 44, 48, 51 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जहां उन्हें 12 जनवरी 2025 तक न्यायालयीन कस्टडी सुनाकर भंडारा कारागृह रवाना किया गया है। इस मामले की जांच उपवन संरक्षक प्रमोदकुमार पंचभाई, प्रकाष्ठ निष्कासन अधिकारी नवेगांवबांध अविनाश मेश्राम के मार्गदर्शन में अर्जुनी मोरगांव के वन परिक्षेत्र अधिकारी राजेंद्रसिंह बहुरे कर रहे हैं।



## > वन विभाग ने मारा छापा, 3 गिरफ्तार

**1 लाख रुपए का माल जब्त**

आरोपियों के पास से एक बंदूक, बारुद के गोले, 50 किलो मांस, कछुए के दो कवच, एक दुपहिया वाहन सहित कुल 1 लाख रुपए का माल जब्त किया गया है। आरोपी शैलेंद्रसिंह टांक व बिरुसिंह टांक मौके से फरार होने में कामयाब रहे। जिनकी खोजबीन की जा रही है। शेष आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

# नागरिकों ने महाआरोग्य शिविर का लाभ लिया

**हिंगनघाट.**

विकी वाघमारे व मित्र परिवार हर साल कर्मयोगी गाडगेबाबा महाराज की पुण्यतिथि पर निशुल्क महा आरोग्य शिबिर का आयोजन करते हैं। इस शिबिर का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ के प्रति जागरूक करना और उन्हें मुफ्त में चिकित्सकीय सलाह देना है। विकी वाघमारे और उनके मित्र परिवार ने इस महाआरोग्य शिबिर में अपनी सेवा देने का विश्वास जताया। सभी डॉक्टरों और उनके सहयोगियों ने इस शिबिर में अपनी सेवाएं दी और सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डॉ. निर्मेश सुधीर कोठारी ने कहा, "लोगों की सामाजिक सेवा ही ईश्वर सेवा है, और ऐसे महा आरोग्य शिबिर लोकहित में महत्वपूर्ण हैं। कर्मयोगी गाडगे महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर विकी वाघमारे और मित्र परिवार द्वारा शिव मंदिर, यशवंत नगर, हिंगणघाट में इस वर्ष भी निशुल्क महा आरोग्य शिबिर आयोजित किया गया। इस शिबिर में कुल ४९९ रुग्णों की जांच की गई। जिनमें ईसीजी, जनरल सर्जरी विभाग, हृदयरोग, अस्थिरोग, नेत्ररोग, बीपी, शुगर, दंत, श्रयरोग, वातरोग, रक्त, टीबी जांच, एमडी मेडिसिन, जनरल फिजिशियन, जॉईंट रिप्लेसमेंट, और अन्य विविध जांचें की गईं। प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए।

सामान्य नागरिकों को मुफ्त उपचार मिले, इसके लिए विकी वाघमारे और मित्र परिवार हर साल महा आरोग्य शिबिर आयोजित करते हैं। हिंगणघाट के सार्वजनिक आरोग्य विभाग, उपजिल्हा रुग्णालय हिंगणघाट और मेडिट्रीना इन्स्टिट्यूट ऑफ सायन्स के विशेष प्रयास से यह महा आरोग्य शिबिर सफल होता है। इस शिबिर का उद्घाटन हिंगणघाट के सुप्रसिद्ध डॉ. निर्मेश सुधीर कोठारी ने किया। प्रमुख अतिथि के रूप में डॉ. विशाल भास्कर कलोडे, डॉ. सोनाली वाघमारे, डॉ. स्नेहल चौधरी, डॉ. अजय गिंदेवार, डॉ. अतुल वाघमारे, डॉ. गिरीश वरभे, डॉ. मनीषा भाईमारे, डॉ. श्रद्धा वाघमारे, डॉ. प्रियंका शेडांबे और डॉ. सोनल जुगणारी उपस्थित थे। साथ ही पारडी के सरपंच



## > हर साल महा आरोग्य शिविर का आयोजन

अलका दिनकर राव पवार और पूर्व नगरसेवक मनीष देवडे भी मौजूद थे। शिबिर का उद्घाटन कर्मयोगी गाडगेबाबा महाराज, छत्रपती शिवाजी महाराज और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमाओं को माल्यार्पण करके किया गया। इस अवसर पर डॉक्टरों ने निशुल्क जांच का लाभ लेने वालों की जांच की।

हर साल कर्मयोगी गाडगेबाबा महाराज की पुण्यतिथि पर हिंगणघाट में विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले महा आरोग्य शिबिर को अच्छा प्रतिसाद मिलता है।

महा आरोग्य शिबिर में सामाजिक, राजकीय और पत्रकार बंधुओं ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति देकर विकी वाघमारे और मित्र परिवार के इस आयोजन की सराहना की।

# तिवसडी खेत शिवार में सिंगल फेज लाइन बंद

**हिंगनघाट.**

## > ज्ञापन देकर भूख हड़ताल की चेतावनी

वडनेर क्षेत्र के किसानों ने बिजली विभाग को एक ज्ञापन देके भूख हड़ताल की चेतावनी दी है। कई दिनों से विद्युत विभाग द्वारा इस समस्या का समाधान नही किया गया। जिसपर किसानों ने ज्ञापन देके अपनी मांग रखी है। वडनेर क्षेत्र के तिवसडी खेत शिवार में सिंगल फेज लाइन बंद होने के कारण किसानों ने एक ज्ञापन के जरिए इसे बहाल करने की मांग की है। अगर मांग जल्द पूरी नहीं हुए तो किसानों ने बिजली विभाग को एक ज्ञापन देके भूख हड़ताल की चेतावनी दी है। इस संबंध में किसानों ने वडनेर क्षेत्र मुख्य अभियंता अश्विन चित्तावर को एक ज्ञापन देकर उक्त लाइन को दुरुस्त करने की मांग की है। ज्ञापन देते वक्त इस क्षेत्र के कई किसान मौजूद थे।



# ताला तोड़कर 63 हजार की चोरी

**हिंगनघाट.** शहर के यशवंत नगर मॉस्टर कॉलनी में अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर आलमारी से नगदी सहित 63 हजार रुपये कीमत के सोने-चांदी के गहनों की चोरी कर ली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शरद अवचट 27 दिसंबर को घर का ताला लगाकर अपने परिवार के साथ शहर के रंगारी वार्ड में स्थित ससुराल गए थे। 28 दिसंबर को सुबह साढ़े दस बजे जब वे घर लौटे, तो उन्होंने देखा कि घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर में प्रवेश करने पर उन्होंने पाया कि घर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। जब उन्होंने कपाट का निरीक्षण किया, तो उसमें नगदी सहित 63 हजार रुपये कीमत के सोने-चांदी के गहने गायब थे। इस संबंध में हिंगनघाट पुलिस थाने में तहरीर दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

# दो घटनाओं में खेत और कुएं से मिला शव

**गोंदिया।**

जिले के अलग-अलग क्षेत्र में खेत और कुएं से शव मिलने की घटना सामने आई है। जिसमें पहली घटना गोंदिया ग्रामीण थानांतर्गत फुलचुर की बताई गई है। छत्रपती संभाजी चौक निवासी रविंद्र चुन्नीलाल कटरे (42) का शव मिला। यह घटना 28 दिसंबर को प्रकाश में आई। फरियादी गीता रविंद्र कटरे (42) की रिपोर्ट पर ग्रामीण पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस हवलदार कामडे कर रहे है।

दुसरी घटना गंगाझरी थानांतर्गत ग्राम सहेसपुर की बताई गई है। इस क्षेत्र के कुएं में प्रतिमा कैलाश गावडे (24) का शव मिला। यह घटना 28 दिसंबर को सुबह के समय प्रकाश में आई। फरियादी दुर्योधन शोभेलाल गावडे (37) की रिपोर्ट पर गंगाझरी पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस हवलदार सुभाष हिवरे कर रहे है।

# मौका पाकर दुपहिया पर हाथ साफ

**गोंदिया.**

सालेकसा थानांतर्गत प्रगती नगर से किसी अज्ञात चोर ने सुना मौका पाकर फरियादी विश्वप्रकाश दीनदयाल फुंडे (34) के दोपहिया वाहन क्रमांक एमएच 35 एक्यू 0958 पर हाथ साफ कर दिया। जिसकी कीमत 45 हजार रुपए बताई गई है। यह घटना 28 दिसंबर को प्रकाश में आई। फरियादी की रिपोर्ट पर सालेकसा पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 (2) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस हवलदार वानखेडे कर रहे है।

# पूर्व सांसद सुनील मेंढे ने बायपास मार्ग का किया निरीक्षण

**भंडारा.**

लगातार ट्रैफिक जाम और नागरिकों की परेशानी को देखते हुए पूर्व सांसद सुनील मेंढे ने लगातार बाईपास रोड को पूरा करने और इसे लोगों की सेवा में लाने का प्रयास किया है। उन्होंने उस सड़क का निरीक्षण किया जो वास्तव में निर्माणाधीन है और राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों और विकासकर्ता कंपनी से चर्चा की। बैठक के बाद पूर्व खान का मानना है कि उक्त सड़क का 3 स्तरीय निर्माण पूरा हो चुका है और जनवरी 2025 के अंत तक यह सड़क शुरू हो जायेगी. पूर्व सांसद सुनील मेंढे ने व्यक्त किये.

पिछले कुछ महीनों से भंडारा शहर के बाहर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य चल रहा है. दूसरी ओर, शहर में भारी ट्रैफिक जाम के कारण नागरिकों को काफी परेशानी हो रही है. सुनील मेंढे ने राष्ट्रीय राजमार्ग के वास्तविक कार्य स्थल का दौरा और निरीक्षण किया। इस अवसर पर मेंढे ने प्रारंभ से अंत तक चल रहे कार्यों का अवलोकन किया. वैनगंगा नदी पर कोरांबी में चल रहे पुल निर्माण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि 6 लेन सड़क के एक तरफ 3 लेन सड़क का काम लगभग पूरा हो चुका है. इस समय पूर्व सांसद सुनील मेंढे ने अन्य तकनीकी पहलू भी सीखे.



इस मौके पर सुनील मेंढे ने जानकारी देते हुए कहा, जब मैं सांसद था तो भंडारा में यातायात की भीड़ और असुविधा को देखते हुए मैंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से बायपास मार्ग के लिए अनुरोध किया था. भंडारा जिले के साथ हमेशा खड़े रहने वाले नितिनजी ने मांग स्वीकार कर ली और वास्तविक काम शुरू हो गया. यह सड़क जनवरी 2023 तक पूरी होनी थी। लेकिन नदी पर पुल के डिजाइन में बदलाव और भीलेवाड़ा में नए पुल के निर्माण के कारण समय बीतता गया। आज मार्ग के 6 में से 3 स्तरों का काम पूरा हो चुका है।

बाकी 3 चरणों का काम भी मार्च में पूरा हो जाएगा. फिर भी हम तब तक तैयार हो चुकी 3-लेवल सड़क से यातायात शुरू करने का प्रयास करते रहेंगे। पूर्व सांसद सुनील मेंढेने उम्मीद जताई कि इस संबंध में बातचीत हो चुकी है और जनवरी 2025 के अंत तक एक तरफ से यातायात शुरू हो जाएगा. पूर्व सांसद ने यह भी कहा कि उन्होंने हाईवे अथॉरिटी और डेवलपर कंपनी के अधिकारियों से बात की है और उन्हें इस संबंध में निर्देश दिए हैं.

उन्होंने यह भी कहा कि मुजबी से भंडारा शहर तक गुजरने वाले राजमार्ग और भंडारा-तुमसर-बालाघाट राजमार्ग का काम तुरंत शुरू किया जाएगा. इस अवसर पर राजमार्ग अधिकारी विलास इंगले, प्रशांत शिरभाते, एन. के. रावत, सुधीर पवार , प. स. सभापती भंडारा अध्यक्ष सुश्री रत्नमाला चेटूले, उपाध्यक्ष प्रशांत खोबरागड़े, भाजपा शहर अध्यक्ष सचिन कुंभलकर, प्रशांत निंबोलकर, शैलेश मेश्राम, शिव अज़बले, राजू भोजवानी, राजेश टीचकुले, विनोद भूरे, बंटी तांडेकर, प्रशांत पुरुषार्थी, सचिन तिरपुडे, दीम्मू शेख, फईम सैयद , रमेश चोपकर, गुरु पटेल, रमेश सकुरा, अजय ब्राह्मणकर, चंद्रकला भोपे, श्रद्धा डोंगरे, माधुरी तुमाने, जया हिंगे, मनीषा भुते सहित अन्य उपस्थित थे।

# ट्रक से टकराकर एक युवक की मौत




**समुद्रपुर.** नागपुर चंद्रपुर रोड पर नंदोरी टोल नाक्य के पास एक कार खड़े आइसर ट्रक से टकराने से चंद्रपुर के एक युवक की मौत की घटना सामने आई है, मृतक की पहचान आदित्य सुधाकर ठेंगे उम्र 22 चंद्रपुर के रूप में हुई है। मृतक आदित्य ठेंगे उम्र 22 वर्ष दाताळा चंद्रपुर नागपुर में एमबीए की पढ़ाई कर रहा था.

आज 29 दिसंबर को दोपहर में कार क्रमांक एमएच 24 डी 0425 से चंद्रपुर से नागपुर के लिए निकल था उसी समय नंदोरी और आंरभा टोल रोड के बीच आइसर ट्रक क्रमांक टीएस 02Uडी1856 का अगला टायर फट गया। जहां वह खड़ा था, वहां खड़े ट्रक से कार टकरा गई और सिर पर चोट लगने से आदित्य की मौत हो गई।

इसी महीने कुछ दिन पहले ही आदित्य की बहन की शादी हुई थी और माता-पिता का एक ही बेटा था उसे शव परीक्षण के लिए समुद्रपुर के एक ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है और आगे की जांच समुद्रपुर पुलिस स्टेशन के गंगाधर भोकरे द्वारा की जा रही है।

# महिला सुरक्षा और कानून समय की आवश्यकता : वाशिमकर

**हिंगनघाट.**

मातोश्री आशा ताई कुणावार कला, वाणिज्य व विज्ञान महिला महाविद्यालय हिंगणघाट यहां अँटी रॅगिंग समितीद्वारे 'महिला सुरक्षा और कानून इस विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपप्राचार्य डॉ. सपना जयस्वाल मातोश्री महिला महाविद्यालय, हिंगणघाट तो प्रमुख मार्गदर्शक अ‍ॅड. प्रांजली वाशिमकर की थी। कला विभाग प्रमुख प्रा.भाग्यश्री साबळे और मराठी के ज्येष्ठ प्रा. अजय वीरे की भी उपस्थिती थी। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से की गई।अँटी रॅगिंग समिती के प्रमुख प्रा. पुनम बुरीले ने अपने प्रास्ताविक में, अँटी रॅगिंग समिती का कार्य विषद किया। कार्यक्रम की प्रमुख मार्गदर्शक अ‍ॅड. प्रांजली वाशिमकर ने 'महिला सुरक्षा और कायदे' इस विषयपर मार्गदर्शन किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉ. सपना जयस्वाल ने स्त्रियो की समस्या पर मार्गदर्शन किया। प्रा.भाग्यश्री साबळे व प्रा.अजय बीरे ने भी विद्यार्थ्योयो को मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम सूत्रसंचालन प्रा. निकिता पिंपलशेंडे तो आभार प्रा. सुनंदा गिरडे ने माने। कार्यक्रम सफलतार्थ महाविद्यालय के प्राध्यापक वर्ग शिक्षकेतर कर्मचारी व विद्यार्थियों का सहयोग मिला।.




# थर्टी फर्स्ट को हुड़दंगियों पर रहेगी पुलिस की कड़ी नजर

**गोंदिया.**

## > बिना अनुमति कार्यक्रम का आयोजन करने पर होगी कार्रवाई

नववर्ष का स्वागत करने के लिए प्रति वर्ष युवाओं में एक अलग ही उत्साह नजर आता है। 31 दिसंबर को अनेक होटल, रिसोर्ट एवं रेस्टोरेंट में पार्टियों का आयोजन किया जाता है। नियमानुसार इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन के लिये पुर्व अनुमती लेना आवश्यक है। लेकिन अक्सर यह देखा जाता है कि, बिना अनुमती के ही जगह-जगह पार्टीयों का आयोजन किया जाता है। उसी प्रकार रात्री के समय युवाओं के समुह मोटरसायकिलों, कारों में बैठकर हुंडदंग मचाते दिखाई पड़ते है। लेकिन जहां एक ओर आयोजक पार्टीयों एवं मस्ती की तैयारी कर रहे है, वहीं दुसरी ओर प्रशासन भी सार्वजनिक शांती एवं कानुन व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुरी तरह मुस्तैद है। ग्रामीण क्षेत्रों में ढाबों, जंगलों एवं खेतों में पार्टी करनेवालों के साथ ही सड़कों पर हुंडदंग मचानेवालों पर भी पुलिस की कड़ी नजर रहेंगी। फिलहाल सोशोल मीडीया पर नव वर्ष पर की जानेवाली पार्टीयों के विषय में चर्चा शुरू हो गई है। युवा वर्ग होटल एवं रेस्टारेंट में पार्टी की योजनाएं बनाने लगे है।

बार एवं रेस्टारेंट भी थर्टी फर्स्ट एवं नव वर्ष के स्वागत के लिये सज गये है। उन्हें आकर्षक रोशनीयों से सजाया जा रहा है। ग्राहकों को आकर्षिक करने के लिये डीजे पर डांस आदि की तैयारीयां की जा रही है। इन पार्टीयों पर पुलिस के साथ ही अन्न और औषधी प्रशासन विभाग (एफटीए) की भी कड़ी नजर रहेंगी। फुट सैफ्टी अधिकारी होटलों की जांच करेंगे। असुरक्षित खाद्य पदार्थ दिखाई पड़ने पर कार्रवाई भी की जायेंगी। पुलिस भी इस दौरान जगह-जगह नाकाबंदी कर वाहनों की जांच करेंगी। सार्वजनिक स्थानों एवं खुली जगह पर पार्टी करने के लिये पुलिस की पुर्व अनुमती लेना आवश्यक है। बिना अनुमती आयोजित की जानेवाली पार्टीयों पर भी पुलिस की नजर रहेंगी एवं नियमानुसार कार्रवाई की जायेंगी। पुलिस विभाग ने थर्टी फर्स्ट की पार्श्व भुमी पर होटल मालिकों से क्षमता से अधिक नागरीकों को प्रवेश न देने, सुरक्षा की दृष्टि से ग्राहकों के आधारकॉर्ड क्रमांक एवं गाडी क्रमांक का पंजीयन करने का आव्हान भी किया है। पुलिस का कहना है एक, नव वर्ष का स्वागत हर्षोल्लास के साथ करें, लेकिन नियमों का उल्लंघन न हो और सामान्य नागरिकों को कोई परेशानी न हो इसका भी ध्यान रखा जाना आवश्यक है।



# गोंदिया के 1,703 बिजली ग्राहकों ने भरे 98.87 लाख

**गोंदिया.** बिजली बिल बकाया की वजह से स्थायी रूप से बिजली आपूर्ति खंडित किए जाने वाले ग्राहकों को केवल मूल बकाया की राशि की एकमुश्त अथवा 6 किस्तों में भुगतान कर बकाया मुक्त होकर दुबारा बिजली कनेक्शन का अवसर महावितरण के अभय योजना से उपलब्ध हुआ है। इस योजना में गोंदिया जिले में अब तक शामिल हुए 1 हजार 703 ग्राहकों ने 98.87 लाख रुपए का भुगतान किया है। इस योजना के माध्यम से अब तक गोंदिया परिमंडल के 2 हजार 513 ग्राहकों ने 139.68 लाख रुपए का भुगतान किया है। 31 मार्च 2024 तक बकाया बिल की वजह से स्थायी रूप से बिजली आपूर्ति खंडित हो चुके घरगुती, व्यवसायिक व औद्योगिक ग्राहकों के लिए यह योजना है। बकाया बिलों की योजना में कृषि ग्राहकों का समावेश नहीं है। इस योजना में बिजली ग्राहकों को राहत देने के लिए बकाया बिजल की मूल राशि का ब्याज एवं विलंब शुल्क स्वरूप का जुर्माना माफ किया जा रहा है।



**ग्राहकों ने 139.68 लाख रुपए का भुगतान किया**

इस योजना में मूल बिल की 30 प्रतिशत राशि भरकर शेष 70 फीसदी राशि 6 किश्तों में भरने का अवसर ग्राहकों को मिल रहा है। साथ ही एकमुश्त बकाया बिल भरने वाले लघुदाब ग्राहकों को 10 एवं उच्चदाब ग्राहकों को 5 प्रतिशत सहुलियत दी जा रही है। योजना की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2024 तक है। जिसे अब मात्र 2 दिन ही शेष बच गए हैं। जिससे स्थायी रूप से बिजली आपूर्ति खंडित हो चुके ग्राहकों द्वारा बकाया बिलों का भुगतान कर योजना में शामिल होने का आव्हान महावितरण की ओर से किया गया है।

# शिवशाही बस हादसे के 6 मृतकों के परिजनों को नहीं मिली राशि

**गोंदिया.**

विगत 29 नवंबर को दुपहिया वाहन चालक को बचाने के चक्कर में शिवशाही बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इस घटना में 11 यात्रियों की जान चली गई। 29 यात्री जखमी हुए। इस घटना से जिले सहित संपूर्ण राज्य में सनसनी फैल गई। अब इस घटना को एक माह पूर्ण हो चुका है। आज भी घटना को याद किया जाए तो रुह कांप जाती है। घटना में मृत 11 यात्रियों में से 6 यात्रियों के परिजनों को एक माह बीतने के बाद भी मदद राशि नहीं मिली है। वहीं जखमियों को राज्य परिवहन महामंडल तथा प्रधानमंत्री मदद निधि की राशि भी नहीं पहुंची है।

बता दें कि चालक प्रणय रायपुरकर व वाहक नितीन मते यह भंडारा डिपो की शिवशाही बस क्रमांक एम.एच.09/ई.एम.1273 लेकर गोंदिया के लिए निकले। बस में कुल 40 यात्री थे। सड़क अर्जुनी तहसील के डव्वा-खजरी के वृंदावनटोला फाटे के सामने एक दुपहिया वाहन चालक को बचाने का प्रयास रायपुरकर ने किया।

लेकिन बस अनियंत्रित हो गई और बस दुर्घटना घटित हुई। इस दुर्घटना में 11 यात्रियों की मौत तथा 29 यात्री जखमी हो गए। 11 में से 5 मृतकों के परिजनों को शासन द्वारा जारी आर्थिक मदद दी गई है। जबकि 6 परिवार मदद राशि का इंतजार कर रहे हैं। दस्तावेजों के अभाव में मदद निधि प्रलंबित होकर दस्तावेजों की पूर्तता होने के बाद संबंधित मृतकों के परिवारों को आर्थिक मदद दिए जाने की जानकारी संबंधित विभाग ने दी है। बस दुर्घटना में मृतकों के परिवारों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री मदद निधि से 2 लाख रुपए व जखमियों को 50 हजार रुपए की मदद घोषित की थी। यह मदद राशि अब तक मृतकों के परिवार व घायलों को नहीं मिली है। इस संदर्भ में जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी राजन चौबे ने बताया कि 11 मृत यात्री व 12 जखमी यात्रियों के नाम प्रधानमंत्री मदद निधि के लिए भेजे गए हैं। जिन्हें मंजूरी मिल गई है। उनके दस्तावेजों की जांच पड़ताल पूरी होकर आगामी कुछ दिनों में संबंधित बैंक खाते पर उक्त राशि प्रधानमंत्री मदद निधि कार्यालय से भेजी जाएगी।



# मामूली बात पर लोहे की रॉड से प्रहार



**गोंदिया.**

देवरी थानांतर्गत डोंगरगांव में मामूली बात को लेकर आरोपी जोधनसिंह बलरामसिंह परिहार (41) के नाबालिग पुत्र अमित जोधनसिंह परिहार (17) ने डोंगरगावं निवासी फरियादी अविनाश तुकाराम लंजे (38) के कमर पर लोहे की रॉड से प्रहार कर दिया। जिसमें वह जखमी हो गया। यह घटना 28 दिसंबर को घटी। फरियादी की शिकायत एवं मेडिकल रिपोर्ट पर देवरी पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 118 (1) 3 (5) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस हवलदार बडोले कर रहे है।

# गोंदिया में हुई बारिश



**गोंदिया.**

पिछले कुछ दिनों से जिले का मौसम बदरीला बना हुआ है। प्रशासन की ओर से 27 एवं 28 दिसंबर को बारिश की चेतावनी भी दी गई थी। यह चेतावनी 28 दिसंबर की रात को सच साबित हुई। रात तकरीबन 8.30 के आसपास शहर में बूंदाबांदी हुई। साथ ही ठंडी हवा भी चली। दूसरे दिन 29 दिसंबर को आसमान में बादल छाए रहे। हालांकि कहीं भी बारिश नहीं हुई। जिले का अधिकतम तापमान 30.2 और न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री सेल्सिअस तक दर्ज किया गया।

गौरतलब है कि विगत कुछ दिनों पहले न्यूनतम तापमान 7.2 डिसे तक पहुंच गया था। जिसकी वजह से समूचे जिले में ठंड से लोग कपकपा रहे थे। लेकिन फिर मौसम ने करवट बदली और न्यूनतम तापमान के साथ-साथ अधिकतम तापमान भी बढ़ने लगा। कुछ दिनों तक लोगों को दोपहर के समय उमस और सुबह तथा रात के समय ठंड महसुस होने लगी।

वहीं अब हल्की बारिश भी शहर में हुई। मौसम में हो रहे बदलाव के कारण नागरिकों के स्वास्थ्य पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। मौसम विज्ञान विभाग की माने तो आनेवाले जनवरी माह में जिले में कड़ाके की ठंड बढ़ने की संभावना है। ऐसे में प्रशासन की ओर से नागरिकों को अलर्ट रहने को कहा गया है।

# नववर्ष के स्वागत को तैयार छिंदवाड़ा

## > पर्यटन और धार्मिक स्थलों पर बढ़ी रौनक

**छिंदवाड़ा.**



नववर्ष 2025 के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों और पिकनिक स्पॉट्स पर सैलानियों की भीड़ उमड़ने लगी है। प्रशासन और स्थानीय व्यापारी भी पर्यटकों के स्वागत के लिए विशेष तैयारी कर रहे हैं। छिंदवाड़ा के स्थानीय बाजारों में भी नववर्ष को लेकर चहल-पहल देखी जा रही है। पातालकोट से जुड़े हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों की खरीदारी के लिए पर्यटक बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। शहर में नववर्ष की शाम विशेष कार्यक्रमों का आयोजन होगा। लाइव म्यूजिक, डांस परफॉर्मेंस और फूड फेस्टिवल जैसी गतिविधियां पर्यटकों और स्थानीय निवासियों को नए साल का स्वागत करने का खास मौका देंगी।

जिला प्रशासन ने पर्यटकों से अपील की है कि वे अपने यात्रा अनुभव को यादगार बनाने के लिए स्वच्छता और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। होटल और रेस्टोरेंट्स ने भी विशेष नववर्ष मेन्यू और ऑफर्स की घोषणा की है।

प्राकृतिक सुंदरता और रहस्यमयी घाटियों के लिए प्रसिद्ध पातालकोट में पर्यटकों का आकर्षण हर साल बढ़ता जा रहा है। यहां के गहरे जंगल, ट्रेकिंग ट्रेल्स और पारंपरिक जनजातीय जीवनशैली देखने के लिए देशभर से लोग पहुंचते हैं। नववर्ष के अवसर पर यहां तामिया एडवेंचर और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। मचागोरा डैम छिंदवाड़ा का प्रमुख पर्यटन स्थल है, जो अपनी खूबसूरत जलाशय और शांत वातावरण के लिए प्रसिद्ध है। नववर्ष पर यहां परिवारों और दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने वालों की भीड़ जुट रही है। पर्यटक बोटिंग और फोटोग्राफी का आनंद ले रहे हैं। तामिया की सुरम्य पहाड़ियां, हरियाली और शांत वातावरण इसे नववर्ष मनाने के लिए एक बेहतरीन स्थान बनाते हैं। यहां से सतपुड़ा की घाटियों का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। मटकुली और बीजादेही का जंगल क्षेत्र जंगल सफारी और वन्यजीवों का आनंद लेने के लिए यह स्थान पर्यटकों के बीच खासा लोकप्रिय है।

### पर्यटन स्थलों पर उमड़ेगी भीड़

मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की सीमा पर स्थित पेंच नेशनल पार्क वाइल्डलाइफ सफारी के लिए प्रसिद्ध है। बाघों के संरक्षण और जैव विविधता के लिए मशहूर यह स्थान नववर्ष पर पर्यटकों का प्रमुख आकर्षण है। यहां के जंगल सफारी, पक्षी दर्शन और नाइट कैंपिंग का आनंद उठाने के लिए पर्यटक बड़ी संख्या में पहुंचते हैं।

# सरकारी योजना के लाभार्थी किसी को पैसे न दें : ममता बनर्जी

## विवाद के 11 माह बाद दौरे पर पहुंचीं

**नई दिल्ली.**

इसी साल जनवरी में उपजे विवाद के 11 महीने से भी अधिक समय बीतने के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी संदेशखाली पहुंचीं। उन्होंने राज्य सरकार की तरफ से संचालित योजनाओं का लाभ पाने के लिए पैसों का भुगतान न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि योजनाओं का संचालन राज्य सरकार कर रही है। सीधे बैंक खातों के माध्यम से लाभार्थियों को उनके हक का पैसा मिल रहा है। सीएम ममता ने कहा कि पैसा जनता का है और इस पर उनका पूरा अधिकार है।

उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में 30 को पहुंचीं ममता बनर्जी ने



सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सरकार कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। इनका लाभ सीधे बैंक खातों में भेजा जा रहा है।

महिलाओं से मुखातिब ममता ने कहा, अगर कोई उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने के बहाने बुलाता है तो ऐसी बातों पर ध्यान देना जरूरी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि संदेशखाली में विरोध-प्रदर्शन को भड़काने के लिए भारी मात्रा में पैसों का दुरुपयोग किया गया।

# कमिन्स कॉलेज के एनएसएस शिविर का सफल आयोजन

**नागपुर.**




महर्षी कर्वे स्त्री शिक्षण संस्था के कमिन्स कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग फॉर वुमन, नागपुर के एनएसएस यूनिट द्वारा 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024 तक एनएसएस शिविर 2024 का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन संजीवन सोशल मेडिकल एसोसिएशन, देवली, जि. हिंगणा और राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर के संयुक्त प्रयासों से हुआ। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को सामाजिक कल्याण कार्यों में भाग लेने का अवसर देना, समाज के विकास में योगदान देना और स्वास्थ्य, सुरक्षा और शैक्षिक विषयों पर जागरूकता बढ़ाना था। शिविर का उद्घाटन अंबासेलकर के हाथों हुआ, जो व्यवस्थापन के प्रमुख सदस्य थे। कमिन्स कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मिलिंद खानापूरकर ने अपने संबोधन में समाज के कल्याण में विद्यार्थियों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया और स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया कि वे इस शिविर के अनुभवों को समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए इस्तेमाल करें।

इसके अतिरिक्त, आरटीएमएनयू के एनएसएस यूनिट के निदेशक डॉ. सोपान देव पिसे ने शिविर के सुचारु संचालन के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। संजीवन वृद्धाश्रम के निदेशक डॉ. विश्वकर्मा ने भी उद्घाटन समारोह में भाग लिया और कार्यक्रम को अपने बहुमूल्य ज्ञान से समृद्ध किया।

इस शिविर में कुल 50 एनएसएस स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जिन्होंने जागरूकता फैलाने, ज्ञान बढ़ाने और स्वास्थ्य संबंधी आदतों को प्रचारित करने के लिए विभिन्न सामुदायिक सेवा गतिविधियों में भाग लिया। शिविर के प्रमुख कार्यकमों में शामिल रहे - खडसे हायस्कूल और जूनियर कॉलेज, आमगाव में कला विद्यार्थियों के लिए आत्मरक्षा कार्यशाला, प्रश्नमंजुषा प्रतियोगिता, समय प्रबंधन और वाहक मार्गदर्शन सत्र। स्वयंसेवकों ने देवली में कक्षा पहली से चौथी तक के विद्यार्थियों के लिए हाथ धोने की विधि, बैंड टच और गुड टच सेशन, जिल्हा परिषद स्कूल में मनोरंजक कार्यक्रम भी आयोजित किए।

इसके अलावा, स्वयंसेवकों ने हायस्कूल लड़कियों के लिए आत्मरक्षा तकनीक, मासिक धर्म के दौरान सावधानी और स्वच्छता, देवली स्थित श्री कृष्ण हायस्कूल में माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल और वर्ड पर सत्र आयोजित किए। स्वयंसेवकों ने साइबर सुरक्षा, नुक्कड़ नाटक और आमगाव और देवली गांवों में नशामुक्ति पर भी जागरूकता अभियान चलाया। साथ ही आमगाव और स्वांगी में अंगणवाड़ी और नर्सरी स्कूल के बच्चों के लिए इंग्रजी अक्षरों और अंकों पर मजेदार खेलों का आयोजन किया। 29 दिसंबर को शिविर का समापन समारोह हुआ, जिसमें संजीवन सोशल मेडिकल एसोसिएशन के निदेशक डॉ. संजय उघेमुगे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। डॉ. उघेमुगे ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की और समाज निर्माण में समाज सेवा के महत्व को रेखांकित किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रा. योगेश दांडेकर ने किया और सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। एनएसएस शिविर 2024 को एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रा. नेहा उत्तरवार के समर्पित प्रयासों से सफलता मिली, जिन्होंने शिविर के कार्यक्रमों का सटीक नियोजन और समन्वय सुनिश्चित किया। उनके प्रयासों से सभी कार्यक्रम सुचारु रूप से आयोजित हुए और स्वयंसेवकों को एक समृद्ध अनुभव मिला।

प्रशासनिक अधिकारी मिथुन रेगिनवार का भी विशेष आभार, जिनके समर्थन से शिविर का आयोजन निर्विघ्न रूप से हुआ। यह शिविर सभी सहभागी विद्यार्थियों के लिए एक समृद्ध और परिवर्तनकारी अनुभव साबित हुआ। इसने विद्यार्थियों को समाज की सेवा करने, नेतृत्व और सामाजिक कौशलों को विकसित करने, और सामाजिक मुद्दों पर जागरूक होने का अवसर प्रदान किया। शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित हुई, टीमवर्क को बढ़ावा मिला और स्थानीय समुदाय से जुड़ाव स्थापित हुआ।

यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और इसमें योगदान देने वाले स्वयंसेवकों, शिक्षकों और स्थानीय सहयोगियों के कठिन परिश्रम, समर्पण और सहयोग का परिचायक था। यह शिविर न केवल स्वयंसेवकों के लिए एक सीखने का अनुभव था, बल्कि आमगाव और देवली गांवों के समाज के जीवन पर भी सकारात्मक प्रभाव डालने में सफल रहा।

# मो. रफ़ी की 100वीं जयंती पर विशेष कार्यक्रम हुआ

**नागपुर.**





विश्व प्रसिद्ध पार्श्वगायक मो. रफ़ी साहब की 100वीं जयंती के अवसर पर "एक याद रफ़ी के बाद" नामक एक विशेष लाइव संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन सुप्रसिद्ध एनाउंसर शफ़ीक़ अंसारी ने किया। कार्यक्रम का आयोजन 25 दिसंबर 2024 को डॉ बाबासाहब आम्बे डकर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, इंदौरा, नागपुर में हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत मो. रफ़ी साहब की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करने और बर्थडे केक काटने के साथ की गई। इस आयोजन में विशेष रूप से मो. रफ़ी साहब की बेटी यास्मीन रफ़ी और दामाद परवेज़ रफ़ी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने अगस्त 2024 के कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी।

कार्यक्रम में मुंबई से आए गायक सूरदास संतोष शर्मा ने सोलो और युगल गीतों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। नागपुर शहर के चर्चित लिटिल स्टार मोईन कच्छी ने भी अपने अद्भुत गायन से दर्शकों का दिल जीत लिया।

इसके अतिरिक्त, नागपुर के सुप्रसिद्ध गायक कलाकारों जैसे शेख़ नज़ीर, सुनील वाघमारे, विजय खड़से, मो. मुनाफ़, अल मंसूर दमानी, साज़िद कुरैशी, रवि चव्हाण, श्याम नेवारे, अनिल पिल्ले, राजू व्यास, सैयद आसिफ़ अली, शकील कुरैशी, सोहेल खान, अमर पांडे, सुनील गजभिए, जावेद बरकी और अन्य कलाकारों ने भी रफ़ी साहब के नग़मों को गाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## > 'एक याद रफ़ी के बाद'

कार्यक्रम में प्रसिद्ध पार्श्वगायक एम ए कादर साहब और कादर म्यूजिक अकादमी की निदेशक जीनत कादर ने अपनी गायकी से मो. रफ़ी साहब को संगीत से श्रद्धांजलि दी। नागपुर शहर की प्रसिद्ध गायिकाओं नंदिनी कुमार, नीलू मुनाफ़, वीणा उकुंडे, कहकशाँ जबीं, रुबीना बरक़ी और राशिका डेहरिया ने भी युगल गीतों में अपनी आवाज़ दी। कार्यक्रम के संगीतकारों में अब्दुल ज़हीर और मंगेश पटले ने कीबोर्ड, अहमद ख़ान ने ढोलक, अकील ख़ान ने ऑक्टोपैड, अशोक ढोके ने तबला और मनोज ने गिटार पर अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम की फोटोग्राफी आरज़ू कांबले और वीडियोग्राफी राजू सोनारे ने की।

इस सफल कार्यक्रम का प्रसारण युसीएन और इनबीसीएन चैनल पर लाइव किया गया। कार्यक्रम के आयोजक जनाब अहफाज अहमद ठेकेदार (अध्यक्ष, रब्बानी फुटबॉल क्लब कामठी) और अन्य सम्माननीय व्यक्तियों के मार्गदर्शन में यह आयोजन एक यादगार अनुभव बना। आयोजन में विशेष रूप से शामिल हुए अतिथि चंद्रशेखर बावनकुले, मंत्री, महाराष्ट्र सुलेखा कुंभारे, माजी मंत्री अल मन्सूर दमानी, डायरेक्टर, संगीत प्रेमियों और रफ़ी के चाहने वालों के लिए यह आयोजन एक अनुपम अनुभव था, जो उनके संगीत की जादूई छांव में बिताया गया।

# सौंसर के 16 जूडो खिलाड़ी राज्य स्पर्धा में खेलेंगे

**सौंसर.**



म.प्र. शासन से मान्यता प्राप्त म.प्र. जुडो संघ द्वारा राज्य- स्तरिय सब ज्युनियर एव कैडेट जुडो खेल प्रतियोगिता का आयोजन इंदौर नेहरू स्टेडियम में 2 जनवरी से 5 जनवरी तक आयोजीत किया है। इस प्रतियोगिता मे सौसर नगर के जुडो खिलाडी सुभाष मॉन्टेसरी स्कूल के बालक वर्ग मे शिवम अढाऊ, प्रेयांन्श कावरे, चिराग चिपडे, लव धमदर आदीत्य सुर्यवंशी, अनुज साखरे, रिषी साहू, रुद्र बारंगे बालिका वर्ग मनस्वी पोतराजे, दिव्यानी पारखे, प्रतिज्ञा माटे, चित्राक्षी जैन, माही कटारिया एक संस्कार पब्लिक स्कूल के बालक कुणाल घुमाल, अशद शेख का चयन किया है।

उपरोक्त जुडो खिलाड़ियों को जिला जुडो संघ के अध्यक्ष श्री संदीप भाऊ मोहड ने शुभेच्छा देकर आशीर्वाद दिया और कहा की जो भी मदन चाहार वो तन-मन-धन से देणे का, आव्हान किया लाकी खिलाडियों को जाने- आने परेशानी ना हो सभी चयनीत खिलाडी संघ के मुख्य प्रशिक्षक वामन खरात सर एवं सहायक प्वालिका कोच वैष्णवी बैस द्वारा खेल की प्रशिक्षण, नियम के शिक्षा ग्रहण करते हैं।

# वार्षिक स्नेहसम्मलेन 'आवेग' उत्साह के साथ संपन्न

## > बाल गोपालों की प्रस्तुतियों ने उपस्थितों का दिल जीत लिया

**लाखांदूर.**



अंतरगावं/चीचोली स्थित दि बुद्धिस्ट इंटरनेशनल स्कूल लाखांदूर के वार्षिक स्नेहसंमेलन 28 को उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम अंतरगावं स्थित स्कूल के भव्य मैदान में हुआ। इस कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता के रूप में पद्मशिल आर ढाले, माजी न्यायाधीश तथा मुख्य प्रवर्तक बुद्धिस्ट इंटरनेशनल स्कूल औरंगाबाद, अध्यक्ष के रूप में ज्ञानेश्वर दुर्गादास रक्षक, बहुजन उद्योजक सुपर बाजार नागपुर, विशेष अतिथि के रूप में संध्या राजूरकर, संपादक दैनिक बहुजन सौरभ नागपुर, ऍडव्होकेट एच डी कांबळे, कायदे सलाहकार नागपुर, प्रा डॉ नंदाताई बारसागडे, सेवानिवृत्त ग्रंथपाल मुंबई, सुद्धोधन बडवणे, गणेश बगमारे, पांडुरंग डांगे, सेवानिवृत्त प्राध्यापक, निषाद लांजेवार पत्रकार, आकाश लांजेवार पत्रकार उपस्थित थे।

उपस्थित अतिथियों के हाथों दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, उसके बाद छात्रों द्वारा नृत्य, गीत और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समारोही कार्यक्रम में 28 दिसंबर को आयोजित इस कार्यक्रम में पांडुरंग डांगे, सेवानिवृत्त प्राध्यापक अर्जुनी मोरगाव अध्यक्ष के रूप में उपस्थित थे। प्रमुख अतिथि के रूप में सुमनताई कान्हेकर, सामाजिक कार्यकर्ता, इंजि महेंद्र बारसागडे, संचालक बुद्धिस्ट इंटरनेशनल स्कूल, महादेव घरडे, सेवानिवृत्त मुख्य शिक्षक, सुनिल बारसागडे, पत्रकार, विश्वापाल हजारे, पत्रकार, मनोज भुरले, पं.स. सदस्य, तथा अन्य अतिथि उपस्थित थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद, पुरस्कार वितरण प्रमुख अतिथियों के हाथों हुआ। इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और माता-पिता ने भरपूर सहयोग दिया, जैसा कि महेंद्र बारसागडे, संचालक ने बताया।

# ज्ञानेश्वरी पारायण का आयोजन 4 जनवरी से

**सौंसर.**

आगामी 4 जनवरी से कन्हान नदी पर बसे ग्राम अंबाडी मे भव्य दिव्य अखंड हरिनाम सप्ताह एवं 1200 ग्रंथराज ज्ञानेश्वरी पारायण सोहला आगामी 4 जनवरी से प्रारंभ हो रहा है. इस आयोजन को लेकर कन्हान क्षेत्र परिसर मे भव्य तैयारियां की जा रही है. इसके लिए गांव गांव प्रचार प्रसार तथा बैनर पोस्टर एवं निमंत्रण पत्रिका के माध्यम से निमंण दिया जा रहा है. आयोजन को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि, हभप 108 महंत स्वामी मौनानंदाचार्य महाराज मौनी बाबा के मार्गदर्शन मे बीते 11 साल से ग्राम मे अखंड हरिनाम सप्ताह सम्पन्न हो रहा है. इस वर्ष बाबा के संकल्प पर 12 वे साल मे बारह दिवसीय अखंड हरिनाम सप्ताह एवं 1200 ग्रंथराज ज्ञानेश्वरी पारायण सोहला का आयोजन किया गया है. 4 जनवरी से शुरू हो रहे इस आयोजन को लेकर ग्रामीणों मे काफी उत्साह है.

ग्रामीण तनमन धन से आयोजन मे पुरा सहयोग दे रहे है. साथ ही क्षेत्र के अलावा महाराष्ट्र के भक्तजन यथासंभव मदद कर रहे है. 4 जनवरी को अखंड हरिनाम सप्ताह शुभारंभ पर प्रतिदिन काकडा, विष्णु सहस्त्रनाम, ग्रंथराज ज्ञानेश्वरी पारायण, हरिपाठ, हरिकिर्तन होगा. ज्ञानेश्वरी व्यासपीठ चालक हभप पंकज महाराज महल्ले, हभप संतोष महाराज निंबालकर करेंगे. वही 4 जनवरी को हरिकिर्तन हभप एकनाथ महाराज माने, 5 जनवरी को हभप प्रभाकर नाना झोलकर महाराज, 6 जनवरी को हभप पदमाकर महाराज देशमुख, 7 जनवरी को हभप संतोष महाराज जाधव, 8 जनवरी को हभप रामायणाचार्य तुकाराम महाराज शास्त्री, 9 जनवरी को हभप जगन्नाथ महाराज पाटील, 10 जनवरी को हभ्ज्ञप संदीप महाराज शिंदे, 11 जनवरी को हभप केशव महाराज उखडीकर, 12 जनवरी को हभप पांडूरंग महाराज घूले, 13 जनवरी को हभप एड. जयवंत महाराज बोधले, 14 जनवरी को हभप अनिल महाराज पाटील तथा 15 जनवरी को दहीलाही किर्तन हभप श्री श्री 108 महंत स्वामी मौनानंदाचार्य महाराज मौनी बाबा करेंगे. इसी बीच 10 जनवरी को हभप चिंतामण महाराज गूर्वे सुबह 9. से 10.30 बजे तक किर्तन करेंगे.




# कमिन्स कॉलेज द्वारा एफडीपी का आयोजन किया गया

**नागपुर.**

इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 23 से 28 दिसंबर 2024 तक हाइब्रिड मोड में आयोजित "मतलब और सिम लिंक में 5जी कम्युनिकेशन मॉडल)" पर एक सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम मॅथवर्क्स इंडिया और डिज़ाइनटेक प्रा. लि., पुणे सिस्टम के सहयोग से इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार अभियांत्रिकी विभाग ने एक सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया, जो 23 से 28 दिसंबर 2024 तक हाइब्रिड मोड में हुआ। इसमें डिजाइन के सिस्टिम्स के विशेषज्ञ अंकित कुमार और मॅथवर्क्स इंडिया के श्री निखिल सोनवणे ने सिमुलिंक के साथ वायरलेस कम्युनिकेशन की मूल बातो के साथ 5 जी के बुनियादी सिद्धांत के 5जी टूलबॉक्स पर व्यावहारिक सत्रों सहित विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। इसमें क्षेत्रीय संस्थानों के 30+ प्राध्यापक उपस्थित रहे। सहभागियों ने एफडीपी के बारे में संतोष व्यक्त किया और विभाग द्वारा आयोजित आगामी कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए अपनी सहमति दी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मिलिंद खानापुरकर के मार्गदर्शन में,एफडीपी का आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. जय गाडगे और प्रोफेसर पल्लवी गणोरकर द्वारा किया गया।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 569-0 | 248-4 |
| श्रीदेवी नाईट | 566-7 | 459-8 |
| प्रभात | 110-2 | 450-9 |
| प्रभात नाईट | 125-8 | 500-5 |
| डायमंड | 289-9 | 279-8 |
| मेन बाजार | 190-0 | - |
| मिलन डे | 558-8 | 990-8 |
| मेन रतन | 460-0 | 134-8 |
| कल्याण | 580-3 | 144-9 |
| राजधानी डे | 678-1 | 236-1 |
| राजधानी नाईट | 147-2 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 135-9 | 358-6 |

# दिलीप बागड़े ने अपने पद से इस्तीफा देने का विचार किया

**सौंसर.** शहर के व्यापारी संगठन के अध्यक्ष दिलीप बागडे ने अपने पद से इस्तीफा देने का विचार किया यह जिम्मेदारी लंबे समय से निभाते आ रहे थे दिलीप बागडे ने बताया कि मैं इस पद पर निरंतर 17 सालों से व्यापारी संगठन में आज पारिवारिक कार्य एवं व्यस्तता के चलते हुए अपने पद से इस्तीफा दे रहा हूं उन्होंने अपना त्यागपत्र व्यापारी संगठन के पदाधिकारी सुरेश गवनेकर को सौंपा वे हमेशा व्यापारी के साथ कंधे से कंधा लेकर खड़े रहे चाहे कोई भी संकट का समय हो वह अपने निर्णय पर अटल रहते थे और सभी के सहयोग से वे अपने पद पर 17 सालों से बने रहे परंतु अब उन्होंने अपना कुछ समय से मुक्त होना चाहते हैं

# डिजिटल मोड पर आएंगीं किताबें

## > मोबाइल पर पढ़ सकेंगे छात्र

**जयपुर.**



राजस्थान विश्वविद्यालय शिक्षा को लेकर नवाचार करने जा रहा है। अब विश्वविद्यालय के छात्रों को किताबें सिर्फ ऑफलाइन ही नहीं ऑनलाइन भी पढ़ने को मिलेंगी। छात्र यूनिवर्सिटी के विभिन्न पाठ्यक्रमों की किताबों को डिजिटल मोड में पढ़ सकेंगे। राजस्थान विश्वविद्यालय में नवनिर्मित सेंट्रल लाइब्रेरी में ई-बुक सिस्टम विकसित किया जा रहा है। इसके लिए यूनिवर्सिटी ने तीन करोड़ का प्रस्ताव तैयार किया है। अब जल्द ही इसको लेकर टेंडर जारी किया जाएगा। कमेटी बनाकर टेंडर प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। इसके बाद नए साल में छात्रों के लिए यह सुविधा शुरू कर दी जाएगी।

सेंट्रल लाइब्रेरी को पूरी तरह से डिजिटल बनाया जाएगा। इसके लिए कम्प्यूटर सिस्टम भी लगाए जाएंगे। लाइब्रेरी में ई-बुक सुविधा दी जाएगी। छात्रों को पासवर्ड दिए जाएंगे, ताकि छात्र लाइब्रेरी से बाहर जाकर घर या कैंपस में बैठकर ई-बुक के जरिये पढ़ाई कर सकेंगे। राजस्थान विश्वविद्यालय में वर्षों से बंद पड़ी लाइब्रेरी का तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के हाथों उद्घाटन कराया गया था। लेकिन आज तक लाइब्रेरी में सुविधाएं छात्रों को नसीब नहीं हुईं। वहीं, लाइब्रेरी छात्र नेताओं के बीच विवादों में रही है। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष निर्मल चौधरी ने अध्यक्ष बनने के बाद लाइब्रेरी को ही शुरू कराने की घोषणा की थी। इतना ही नहीं, लाइब्रेरी शुरू नहीं होने तक पदभार ग्रहण नहीं करने की भी घोषणा की थी। करीब 12 करोड़ रुपए की लागत से लाइब्रेरी भवन का निर्माण कराया गया। लाइब्रेरी की क्षमता करीब एक हजार छात्रों की है। लाइब्रेरी शुरू होने के बाद विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रहे हजारों शोधार्थियों को फायदा होगा। इसी के साथ विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे करीब 15 हजार विद्यार्थी यहां अध्ययन कर सकेंगे। शोधार्थियों को रिसर्च पेपर ऑनलाइन ही मिलेंगे। अलग-अलग लेखकों की पुस्तकें व उनका कंटेंट पढ़ने के लिए हजारों रुपए खर्च नहीं करने पड़ेंगे।

### नए साल में छात्रों को मिलेगी सौगात

मॉडर्न लाइब्रेरी चालू होने पर उन्हें यह कंटेंट निःशुल्क उपलब्ध होगा। इसके अलावा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थी भी इसका लाभ ले सकेंगे। लाइब्रेरी को विकसित किया जा रहा है। छात्रों को डिजिटल मोड पर किताबें पढ़ने की सुविधा मिलेगी। नए साल में छात्रों को यह सौगात दी जाएगी।